हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 14 जून 2026



# 1025 रुपए के एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी पर ले रहे पंद्रह रुपए अतिरिक्त

## मनमानी: मूल्य दाम में डिलीवरी चार्ज शामिल फिर भी उपभोक्ताओं से वसूल रहे अधिक पैसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

मध्य पूर्व देशों में जंग के चलते पेट्रोलियम पदार्थों का वैश्विक संकट गहराया हुआ है। ऐसे में इसके दाम भी लगातार बढ़ते जा रहे हैं। जिससे रसोई गैस सिलेंडर के दामों में भी काफी इजाफा हुआ है और मध्यमवर्गीय परिवार का बजट बिगड़ा हुआ है, फिर भी गैस सिलेंडरों में कांटामारी और डिलीवरी के नाम पर अवैध वसूली की जा रही । जिससे उपभोक्ता को दोहरी मार पड़ रही है।

लंबे समय से संबंधित विभाग द्वारा रसोई गैस सिलेंडरों की जांच नहीं होने के चलते गैस उपभोक्ताओं को कम गैस देने का मामला सामने आ रहा है। उपभोक्ता द्वारा गैस टंकी तैलाकर नहीं लेने का फायदा उठाकर उपभोक्ताओं को गैस की सप्लाई में कांटामारी कर ठगा जा रहा है। जानकारी के अभाव में भरोसे पर गैस सिलेंडर लेने वाले हजारों उपभोक्त ठगी का शिकार हो रहे हैं। उपभोक्ताओं के सिलेंडर से गैस चोरी कर इसे अतिरिक्त दाम पर होटल आदि व्यवसाय करने वालों को बेचा जा रहा है।

**शिकायत पर होगी कार्रवाई**

सिलेंडर में लिखे वजन से कम गैस होने या डिलीवरी के लिए अतिरिक्त रुपए मांगे जाने को लेकर खाद्य विभाग के अधिकारी का कहना है कि इस पर यदि उपभोक्ता लिखित शिकायत करें तो संबंधित गैस एजेंसी पर कार्रवाई की जाएगी।

### प्रतिदिन हजारों रुपए की अवैध वसूली

गैस एजेंसी द्वारा उपभोक्ता के घर तक पहुंचाकर गैस सिलेंडर की डिलीवरी देना है। इसके लिए कोई अतिरिक्त चार्ज लेना है, लेकिन गैस टंकी डिलीवरी करने वाले उपभोक्ताओं से अतिरिक्त रुपए लेते हैं। वर्तमान में एक गैस सिलेंडर की कीमत लगभग 1025.50 रुपए है,लेकिन उपभोक्ताओं से 1040 रुपए लिए जा रहे हैं। शहर में प्रतिदिन एक एजेंसी से ही लगभग 2 सौ से अधिक घरों में गैस सिलेंडर की सप्लाई होती है। डिलीवरी करने वाले बिल से अतिरिक्त 15 रुपए की अवैध वसूली कर रहे हैं। इस हिसाब से लगभग साढे तीन हजार रुपए प्रतिदिन की अवैध वसूली डिलीवरी बाय द्वारा की जा रही है।



### 29 किलो 700 ग्राम होना चाहिए वजन

घरेलू उपयोग के रसोई गैस सिलेंडर में 14.2 किलोग्राम गैस होती है। वहीं खाली सिलेंडर का वजन लगभग 15.5 किलोग्राम होता है। गैस सहित रसोई गैस सिलेंडर का कुल वजन लगभग 29 किलो और 700 ग्राम होना चाहिए।

### तौल कर नहीं देते सिलेंडर

गैस सिलेंडर सप्लाई करते वक्त उपभोक्ता को गैस सिलेंडर का वजन दिखाकर दिया जाना है, लेकिन इस नियम का कहीं भी कोई पालन नहीं होता है। वहीं उपभोक्ता के पास भी सिलेंडर तौलने की व्यवस्था नहीं होती। जिसके चलते बिना तौल गैस की डिलीवरी हो रही है। लगभग एक से डेढ़ किलो गैस की चोरी कर उपभोक्ताओं को कम वजन का सिलेंडर दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार गैस टंकी डिलीवरी करने वाले कर्मचारियों द्वारा भी उपभोक्ता को दी जाने वाले सिलेंडर से गैस निकाल ली जाती है।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश में सबसे गर्म रहा राजनांदगांव जिला



**राजनांदगांव।** पिछले दो महीने के दौरान अधिकांश मौके पर प्रदेश में सबसे गर्म जिलो में राजनांदगांव प्रथम स्थान पर ही रहा है। शनिवार को भी अंचल 42 डिग्री अधिकतम तापमान के साथ प्रदेश में सबसे गर्म जिला रहा। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान तापमान में वृद्धि देखने को मिली है। इधर मानसून के आगे बढ़ने की रफ्तार धीमी पड़ने के कारण प्रदेश में इसके एंट्री होने में देरी के संकेत मिल रहे है। जिसका असर जिले तक मानसून के पहुंचने को लेकर भी देखने को मिल सकता है।

मिली जानकारी के अनुसार आम तौर पर मानसून जिले में 16 से 17 जून तक पहुंचता है, लेकिन इस बार इसके दस्तक देने में दो से तीन दिन की देरी देखने को मिल सकती है। हालांकि तापमान में कुछ गिरावट आने वाले दिनों में देखने को मिल सकती है। ज्ञात हो अंचल में बारिश नहीं होने से दिन के साथ ही रात में भी गर्म हवाएं चल रही है। जिससे उमस बढ़ गई है। इधर जिले के लिए पिछले दो दिनों से लगातार बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया जा रहा है। लेकिन इसके बाद भी अच्छी बारिश देखने को नहीं मिल रही है। मौसम विभाग के अनुसार अंचल में बारिश को लेकर आसार दिख रहे है।

## माय एंगल



## शहर में शनिवार की दोपहर आगजनी की दो घटनाएं, लाखों का नुकसान

# अंशदीप इलेक्ट्रॉनिक्स की छत पर लगी आग, इधर यार्ड में जली बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

भीषण गर्मी के बीच आज शहर के दो अलग-अलग स्थानों पर आगजनी हो गई। पहली घटना में इलेक्ट्रॉनिक दुकान की छत पर भीषण आग लगी। वहीं दूसरी घटना में गैराज में खड़ी पांच बसें आग की लपटों के बीच जल गई। आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।आगजनी की सूचना पर दमकल की टीमों ने मशक्कत से आग बुझाई।

शनिवार सुबह लगभग 11 बजे शहर के कौरिनभाठा इंद्रपुरी के समीप वीआईपी रोड पर संचालित अंशदीप इलेक्ट्रॉनिक्स की छत पर भीषण धुंआ उठता देख आसपास के लोगों ने दुकान के भीतर संचालक और अन्य कर्मचारियों को इसकी खबर दी। जिसके बाद आग लगने को लेकर अफरा-तफरी मच गई। मामले की सूचना पुलिस और दमकल को दी गई। इस दौरान दमकल वाहन भी मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। आग चौथी मंजिल की छत पर लगने से आग बुझाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



### करनी पड़ी मशक्कत

इलेक्ट्रॉनिक दुकान की ऊपरी मंजिल की छत पर लगी आग का धुंआ काफी दूर तक दिखाई दे रहा था। जिसके चलते सड़क पर काफी भीड़ लग गई थी। आग बुझाने के लिए पुलिस ने सतर्कता बरतते ट्रैफिक वन -वे किया, जिस जगह आग लगी थी, ठीक उसके बगल में एक निजी अस्पताल भी संचालित है। जिससे आग के फैलने का खतरा भी बना हुआ था। समय रहते दमकल कर्मचारियों ने आग बुझाया। जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

### आगजनी की जांच जारी

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर ने बताया कि शहर के अलग-अलग स्थानों में आग लगने की सूचना मिली थी, जिस पर नगर सैनिक, पुलिस और फायर की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया है। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### पांच बसों में लगी आग

इधर दमकल कर्मियों द्वारा अंशदीप



इलेक्ट्रॉनिक्स की छत पर लगी आग को बुझाने के लिए मशक्कत की जा रही थी, तभी सूचना मिली कि शहर के मां पाताल भैरवी मंदिर के समीप पुलिस लाइन के पास स्थित दादा ट्रेवल्स बस सर्विस की गैराज में खड़ी बसों के बीच आग लग गई है। इसके बाद तत्काल मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम को भेजा गया। दमकल वाहन पहुंचने तक ही यहां आग की लपटों ने पांच बसों को अपनी चपेट में ले लिया था। दमकल कर्मियों द्वारा इन बसों में लगी आग को बुझाया गया, जिस जगह आग लगी थी वहां पर अन्य बसें भी खड़ी थी। जिससे घटना और बड़ी हो सकती थी।

### सोलर पैनल से आग लगने की संभावना

अंशदीप इलेक्ट्रानिक की छत में लगे सोलर पैनल के हीट होने और बैटरी फटने से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। इस आगजनी में सोलर पैनल सहित छत के ऊपर रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया है। जिससे लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

# लिफ्ट के बहाने छेड़छाड़ करने वाले दो पकड़े गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ साल्हेवारा

महिला को लिफ्ट देने के बहाने बाइक में ले जाकर छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार साल्हेवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया 25 वर्ष ने 10 जून को थाना साल्हेवारा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 8 जून को दोपहर के समय मनरेगा काम में फोटो खिंचाने अपने घर से अकेली पैदल चूल्हा खोदरा के जंगल तालाब जा रही थी। रास्ते में खेत के पास पहुंची थी, उसी समय ग्राम देवपुराघाट का सिरताज खान अपने साथी के साथ बाइक में आया और कहां जा रही हो पूछने पर मनरेगा काम में फोटो खिंचाने चूल्हा खोदरा जंगल जा रही हूं, बताने पर सिरताज और उसका साथी हम लोग भी वहीं जा रहे हैं, चलो साथ बाइक से छोड़ देंगे कहकर अपनी बाइक में प्रार्थिया को बैठाकर ले जा रहे थे। दोपहर करीब 3.15 बजे खेत के पास बांधाटोला में बाइक को रोककर सिरताज खान और उसके साथी ने मिलकर प्रार्थिया को अनुसूचित जनजाति की महिला हैं, जानते हुए उसे बेइज्जत करने की नीयत से हाथ-बांह को पकड़कर छेड़खानी किए, जब महिला चिल्लाई तो सिरताज और उसका साथी बाइक को छोड़कर जंगल में भाग गए। रिपोर्ट पर थाना साल्हेवारा में धारा 74, 75(2), 3(5) बीएनएस एवं धारा 3(1)(11) एससी/एसटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस के अनुसार पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते मुखबीर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी सिरताज खान और रितेश मारकंडे को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया। घटना में प्रयुक्त बाइक को जब्त किया गया। आरोपी रितेश मारकंडे की पहचान कार्रवाई प्रार्थिया से कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष कराया गया। 13 जून को आरोपी सिरताज खान 29 साल और रितेश मारकंडे 18 साल 9 माह दोनों निवासी देवपुरा घाट को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# पुलिस ने लगाई चौपाल, ग्रामीणों के बीच जनसंवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

जिले के सुदूर अंचल ग्राम लेखेपाल में पुलिस ने चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से साइबर जागरूकता, नशामुक्ति, महिला सुरक्षा, अभिव्यक्ति एप की जानकारी दी गई।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवचरण पटेल एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी विनोद कुमार मिंज के मार्गदर्शन में 13 जून को थाना सीतागांव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लेखेपाल, ग्राम पंचायत सीतागांव में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त महिला संबंधी अपराध, महिला सुरक्षा, घरेलू हिंसा, बाल अपराध, महिलाओं के अधिकारों, अभिव्यक्ति एप, डायल-112 एवं महिला हेल्पलाइन 1091 के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई तथा महिलाओं एवं बच्चों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पटेल अंकालू राम, हिराउराम, लिलेश टोप्पो, रामसिंग कुरेटी, दिनेश एक्का, सुंदर कुमेटी, सोमलाल फाफा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, ग्रामीणजन, महिलाएं एवं स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### रियासतों के विलय के बारे में बताया

कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी सीतागांव निरीक्षक संजय कुमार यादव द्वारा सुदूर अंचल क्षेत्र के स्कूली बच्चों, आंगनबाड़ी के बच्चों एवं ग्रामीणों के बीच पहुंचकर जनसंवाद किया गया। इस अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर उनके जीवन, राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान तथा स्वतंत्र भारत की 562 रियासतों के विलय में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें लौह पुरूष की उपाधि प्राप्त होने के कारणों से भी ग्रामीणों को अवगत कराया गया।

# छेड़छाड़ के बाद महिला को दी जान से मारने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



छेड़छाड़ कर गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने पतासाजी कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपी अशद कुरैशी 29 वर्ष उसे लगातार फोन कर बातचीत एवं मिलने का दबाव बनाता था तथा बार-बार फोन कर परेशान करता था। 12 जून को शाम लगभग 5 बजे आरोपी प्रार्थिया के घर के सामने पहुंचकर फोन पर बात नहीं करने एवं मिलने नहीं आने की बात को लेकर अश्लील गाली-गलौज करने लगा। साथ ही प्रार्थिया के भाइयों को जान से मारने की धमकी देते उसकी बेइज्जती करने की नीयत से उसका हाथ एवं बांह पकड़कर छेड़छाड़ की। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर धारा 74, 296 एवं 351(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### तीन घंटे के भीतर आरोपी पकड़ा गया

इस मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी के निवास एवं संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। त्वरित कार्रवाई करते आरोपी अशद कुरैशी को घटना के लगभग 3 घंटे के भीतर हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार किए जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने के उपरांत आरोपी को जेल दाखिल किया गया।

## जिला साहू संघ का चुनाव आज, अध्यक्ष सहित पांच पदों के लिए डाले जाएंगे वोट

# 2933 मतदाता चुनेंगे जिला साहू संघ का नया अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिला साहू संघ का त्रि-वार्षिक आम चुनाव को लेकर समाज में उत्साह अपने चरम पर पहुंच गया है। निवर्तमान अध्यक्ष भागवत साहू के कार्यकाल की समाप्ति के बाद पांच महत्वपूर्ण पदों के लिए होने वाला यह चुनाव इस समय सबसे बहुप्रतीक्षित और चर्चित मुकाबलों में से एक बन चुका है।रविवार चौदह जून को होने वाले इस मतदान में जिलेभर के कुल 2933 साधारण एवं आजीवन सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे और आगामी तीन वर्षों के लिए समाज के नए नेतृत्व का चयन करेंगे। इस चुनाव को लेकर न केवल सामाजिक स्तर पर, बल्कि राजनीतिक हल्कों में भी भारी उत्सुकता देखी जा रही है।

चुनाव को पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार साहू और उनकी टीम ने साहू सदन का बारीकी से निरीक्षण किया है। मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते साहू सदन के ऊपरी और निचले हॉल में कुल नौ मतदान केंद्र बनाए गए हैं। अभ्यर्थियों की मांग को स्वीकार करते मतदान के समय थोड़ा बदलाव किया गया है। जिसके तहत अब सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक वोट डाले जा सकेंगे। मतगणना उसके बाद होगी।




### पहचान पत्र अनिवार्य

मतदान के समय में आंशिक संशोधन के बाद अब सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक वोटिंग होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदाताओं को मतदान केंद्र पर अपनी पहचान साबित करने के लिए आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, पैनकार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस जैसे फोटोयुक्त सरकारी दस्तावेज साथ लाने के निर्देश दिए हैं, ताकि प्रक्रिया बिना किसी बाधा पूरी हो सके।

### प्रचार में झोंकी ताकत

नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी प्रत्याशियों को जनसंपर्क और प्रचार-प्रसार के लिए बहुत ही सीमित समय मिल पाया था। इस कम समय में भी उम्मीदवारों ने शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ सुदूर वनांचल अंचल में भी सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। प्रत्याशियों ने घर-घर जाकर समाज के लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की है।

### चुनाव मैदान के मुख्य चेहरे

जिला साहू संघ के पांच प्रमुख पदों के लिए कई दिग्गज मैदान में हैं। अध्यक्ष पद के गौरवशाली मुकाबले के लिए कमल किशोर साहू, नोबल साहू, शेखर साहू, विवेक साहू और टोमन साहू अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं महिला उपाध्यक्ष पद के लिए पांच महिला प्रत्याशी और पुरूष उपाध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी मैदान में डटे हैं। इसके अलावा महिला और पुरूष संगठन सचिव पदों के लिए भी उम्मीदवारों के बीच कड़ा और रोचक मुकाबला देखने को मिल रहा है।




## खबर संक्षेप

### कुतुलबोड भाटागांव में गायत्री महायज्ञ 15 को

**खुज्जी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में 15 जून को कुतुलबोड़ भांठागांव में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है। प्रातः 8.30 बजे से युग संगीत, प्रज्ञा गीत एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। 9 बजे से वैदिक मंत्रोच्चारण के माध्यम से देव शक्तियों, ग्राम के देवी देवताओं का आह्वान पूजन एवं पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में आहुतियां दी जाएंगी। इस अवसर पर गर्भवती माताओं का गर्भ संस्कार, छोटे बच्चों का अन्नप्राशन, विद्यारंभ, मुंडन संस्कार संपन्न कराया जाएगा। शाम 5 बजे से युग संदेश एवं संगीतमय दीप महायज्ञ एवं महाआरती होगी।

### कार्यों में गड़बड़ी की शिकायत, जांच की मांग

**डोंगरगढ़।** वन विभाग अंतर्गत उत्तर बोर तालाब और दक्षिण बोर तालाब क्षेत्र में कराए गए विभिन्न विकास एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यों को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। इन योजनाओं की वास्तविक स्थिति, गुणवत्ता और पारदर्शिता को लेकर अधिकारियों से शिकायत की गई है, जिसके बाद जल्द जांच शुरू होने की संभावना है। शिकायत में वृक्षारोपण, बिगड़े वन सुधार कार्य, कैंपा निधि के उपयोग, मजदूरी भुगतान और अन्य विकास कार्यों की जांच कराने की मांग की गई है।



योजनाओं की जमीनी स्थिति और दस्तावेजों में दर्शाए गए कार्यों का मिलान किया जाए ताकि स्पष्ट हो सके कि योजनाएं धरातल पर आई है या नहीं। मजदूरी भुगतान और अन्य अभिलेखों की भी जांच की मांग की गई है। सूत्रों के अनुसार शिकायत के बाद विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रारंभिक जानकारी एकत्र की जा रही है। कहा जा रहा है कि आने वाले समय में दस्तावेजों की जांच के साथ स्थल निरीक्षण की प्रक्रिया शुरू हो सकती है।

### विधायक ने किया सोसाइटियों का निरीक्षण

**डोंगरगढ़।** खाद एवं बीज उपलब्धता को लेकर शिकायतें मिलने के बाद विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने बेहाटोला आमदनी, भरतपुर एवं पांडादाह सोसायटी पहुंचकर किसानों से चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान किसानों ने खाद की कमी और वितरण में हो रही परेशानियों की जानकारी दी। विधायक बघेल ने अधिकारियों से स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि सोसायटियों में खाद की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने से किसानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। निरीक्षण के दौरान तेजराम वर्मा, सुरजीत सिंह ठाकुर, कमलेश वर्मा आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### दो वर्षों से नहीं हुई नाले की सफाई

**डोंगरगढ़।** देतेश्वरी पारा स्थित नाले की दो वर्षों से सफाई नहीं होने के कारण नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नाले में बड़ी मात्रा में कचरा, गाद और झाड़ियां जमा होने से जल निकासी बाधित हो गई है। वार्डवासियों का कहना है कि बारिश होने पर नाला उफान पर आ जाता है और गंदा पानी घरों में घुस जाता है। हर वर्ष लोगों को नुकसान उठाना पड़ता है। वार्ड के राजेश गजभिये, महेंद्र देवांगन, मोहन साहू, ललिता मेश्राम, रमेश साखरे सहित अन्य ने बताया कि इस समस्या को लेकर नगर पालिका प्रशासन को कई बार आवेदन दिया जा चुका है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों ने बताया कि नाले के ऊपर बना पुल लगभग 20 वर्ष पुराना है और वर्तमान में जर्जर हो चुका है। पुल के खराब होने के बाद भी लोग इसी से आवागमन करते हैं जिससे दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से जनसुरक्षा को देखते हुए नाले की सफाई तथा जर्जर पुल की मरम्मत कराने की मांग की है।



### वृक्ष संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान

**डोंगरगढ़।** समाजसेवी विवेक मोनू भंडारी ने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधरोपण करने तथा संरक्षित करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जलवायु परिवर्तन, बढ़ते तापमान, जल संकट और प्रदूषण जैसी गंभीर संकट खड़े हो गए है, ऐसे समय में वृक्ष प्राकृतिक संरक्षक के रूप में कार्य कर रहे हैं। श्री भंडारी ने कहा कि लोग पेड़ों को केवल लकड़ी, ईंधन या फर्नीचर बनाने का साधन समझते हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि वह ऑक्सीजन का भंडार तैयार करते हैं। बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण और विकास कार्यों के नाम पर हो रही वृक्षों की कटाई के कारण बढ़ती गर्मी, अनियमित वर्षा, सूखते जलस्रोत, भूजल स्तर में गिरावट को देखते हुए पौधे लगाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल, सुरक्षा, सिंचाई की पहल भी किया जाना जरूरी है।



### पांच दिवसीय कथा में उमड़ रहे श्रद्धालु

**छुईखदान।** पुरुषोत्तम मास के अवसर पर राधा-कृष्ण मंदिर समिति छुईखदान ने पांच दिवसीय कथा महोत्सव का आयोजन किया। आचार्य अश्विनी त्रिपाठी ने कथा वाचन के दौरान पुरुषोत्तम मास की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि संसार में सबसे अधिक फलदायी पुरुषोत्तम मास है और यह भगवान नारायण को अत्यंत प्रिय है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री हरि ने स्वयं इस अधिक मास को अपना स्वरूप बताया है। इस माह में किया गया नाम जाप, कथा श्रवण, स्नान, दान एवं तीर्थाटन हजारों गुना पुण्य देता है। भगवान का नाम स्मरण उन्हें प्रसन्न करता है। आचार्य त्रिपाठी ने बताया कि भगवान नारायण आज भी भगवान जगन्नाथ के रूप में अपने भ्राता बलराम और बहन सुभद्रा के साथ विराजमान हैं। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि प्रत्येक तीन वर्ष में आने वाला यह अधिक मास भगवान नारायण का साक्षात स्वरूप है। इस दौरान नियमपूर्वक संकल्प लेकर किया गया नाम जाप करोड़ों गुना फल प्रदान करता है। उन्होंने प्रआत्साहन किया है कि दिनभर के कार्यों से समय निकालकर प्रभु नाम का स्मरण और कथा श्रवण करने का आह्वान किया। राधा-कृष्ण मंदिर प्रांगण में प्रतिदिन संध्या 5 बजे से 7 बजे तक कथा का वाचन किया जा रहा है। कथा श्रवण के लिए सैकड़ों श्रद्धालु प्रतिदिन उपस्थित हो रहे हैं। मंदिर समिति के सदस्यों ने क्षेत्रवासियों से शेष दिनों की कथा में शामिल होने का आह्वान किया है।



## अब शीघ्र शुरू होगा परिक्रमा पथ निर्माण कार्य

# परिक्रमा पथ : अंतिम चरण में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया


### तीर्थ स्थलों को जोड़ने प्रस्तावित है परिक्रमा पथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

डोंगरगढ़ को देश के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत प्रस्तावित 8 किलोमीटर लंबे परिक्रमा पथ फोरलेन मार्ग निर्माण परियोजना की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। इस परियोजना को वर्ष 2024-25 के प्रथम अनुपूरक बजट में शामिल किया गया था तथा राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग द्वारा 18 मार्च 2025 को 55 करोड़ 45 लाख 57 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रस्तावित फोरलेन मार्ग की कुल लंबाई 8 किलोमीटर होगी। जिसमें से 4.475 किलोमीटर भाग शासकीय भूमि पर तथा 3.525 किलोमीटर भाग निजी भूमि पर निर्मित किया जाएगा। परियोजना के लिए कुल 6.386 हेक्टेयर (लगभग 15.78 एकड़) निजी भूमि के अधिग्रहण का प्रस्ताव है।

इस परियोजना से ग्राम गाजमर्रा, राजकट्टा, कुरूभाठ एवं छीरपानी के 46 किसान प्रभावित होंगे। प्रभावित किसानों को मुआवजा प्रदान करने के लिए लगभग 6 करोड़ 33 लाख 22 हजार 720 रुपये का अवार्ड प्रस्ताव कलेक्टर राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।







#### किसानों ने दर्ज कराया आपत्ति

किसानों ने बताया कि परिक्रमा पथ निर्माण हेतु छिरपानी के 11 व्यक्तियों की भूमि अधिग्रहण करने की सूचना जिला कार्यालय द्वारा जारी की गई। आपत्तिकर्ता एक किसान का कहना है कि भूमि सूचना क्रम में 8 में समेलाल पिता सीताराम जाति कलार भूमि खसरा क्रमांक 124 कुल क्षेत्रफल 1.683 हे. है जिसमें से 0.400 हे. भूमि अर्जन हेतु प्रस्तावित है। किसान ने आपत्ति में कहा है कि उसे भू-अर्जन संबंधी सूचना अप्राप्त है। उसने बताया कि उसे यह भी जानकारी नहीं है कि किस दिशा के किस हिस्से से कितनी लम्बाई चौड़ाई की भूमि अर्जित होना है। इसी प्रकार की अनेक किसानों ने जिला प्रशासन के समक्ष आपत्ति दर्ज कराया है।

#### चार गांव में सार्वजनिक सूचना जारी

भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के अंतर्गत चारों ग्रामों में सार्वजनिक सूचना जारी की जा चुकी है तथा किसानों की सहमति प्राप्त करने सहित अन्य वैधानिक कार्यवाही प्रचलन में है। परियोजना क्षेत्र में अवैध एवं अनधिकृत भूमि क्रय-विक्रय की संभावनाओं को रोकने तथा मूल भू-स्वामियों के हितों की सुरक्षा के लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक प्रतिबंधात्मक कदम भी उठाए गए हैं। यह परिक्रमा पथ डोंगरगढ़ के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों को बेहतर संपर्क प्रदान करेगा। मार्ग से प्रज्ञागिरि बौद्ध विहार, मां बम्लेश्वरी मंदिर, जटा शंकर पहाड़ी, चंद्रगिरि जैन मंदिर, प्रतिभा स्थल, सतनाम तीर्थ स्थल तथा खाटूश्याम मंदिर तक पहुंच अधिक सुगम और सुरक्षित होगी।

#### स्थानीय व्यापार एवं अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति

लोक निर्माण विभाग के अनुसार निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात लगभग 18 माह के भीतर निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रस्तावित फोरलेन मार्ग की चौड़ाई औसतन 25 मीटर होगी। परियोजना के पूर्ण होने से श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं व्यवस्थित आवागमन की सुविधा मिलेगी, पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय व्यापार एवं अर्थव्यवस्था को नई गति प्राप्त होगी तथा डोंगरगढ़ क्षेत्र के सौंदर्यीकरण और समग्र विकास को बल मिलेगा।

## कॉलेज में जूनियर को बनाया प्रभारी प्राचार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

स्थानीय नेहरू महाविद्यालय इन दिनों आपसी विवाद का केन्द्र बन गया है। महाविद्यालय के प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक और संविदा कर्मियों के बीच चल रही गुटबाजी और अंदरूनी विवाद के कारण कॉलेज का माहौल दूषित हो गया है इसका नुकसान छात्र-छात्राओं को उठाना पड़ रहा है।

■ प्राध्यापकों की खींचतान में पीस रहे विद्यार्थी

प्राचार्य की पदस्थापना नहीं होने के कारण कुछ वर्षों से महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य के भरोसे चल रहा है। प्राचार्य के नहीं होने से व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। कॉलेज का शैक्षणिक स्तर लगातार गिर रहा है।

#### परिषद ने स्थिति पर जताई चिंता

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ के प्रदेश सहमंत्री अमन नामदेव ने कहा कि नेहरू महाविद्यालय में छात्र का भविष्य चिंताजनक हैं, वहीं दूसरी तरफ कॉलेज के कुछ प्राध्यापक और संविदा शिक्षक आपसी गुटबाजी में व्यस्त हैं। जीडीसीए के छात्रों के परीक्षा परिणाम में त्रुटियां सामने आई है जिससे छात्रों का भविष्य दांव पर लग गया है। उन्होंने बताया कि यूजीसी की गाइडलाइन का उल्लंघन करते हुए जूनियर को प्रभारी प्राचार्य का प्रभार दे दिया गया है जबकि कॉलेज में सीनियर प्राध्यापक उपलब्ध हैं। इसके पूर्व भी 2023 में डॉ ईव्ही रेवती के रहते हुए जूनियर डॉ प्रदीप जांबुलकर को प्रभार दिया गया था हालांकि बाद में उच्च शिक्षा विभाग को आदेश में संशोधन करते हुए वरिष्ठता के आधार पर डा. रेवती को प्रभार सौंपा था। उन्होंने कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## प्रिया गहरवार बनीं अध्यक्ष



**डोंगरगांव।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना की बैठक प्रदेश अध्यक्ष सुषमा सिंह के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष शीला सिंह गहरवार सहित क्षत्रिय समाज की महिलाएं शामिल हुई। बैठक में उपस्थित महिलाओं ने एकमत होकर शिक्षा के प्रसार, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन तथा क्षत्रिय संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण को प्राथमिक देने का संकल्प लिया। विभिन्न जागरूकता एवं संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। इस महासभा की स्थानीय इकाई का गठन करते हुए पदाधिकारियों का चयन किया गया। कार्यकारिणी में अध्यक्ष प्रिया सिंह गहरवार, उपाध्यक्ष आरती ठाकुर, सचिव विभा ठाकुर, सह सचिव रीना परिहार, कोषाध्यक्ष संगीता ठाकुर, सह कोषाध्यक्ष अमृता ठाकुर, सांस्कृतिक प्रभारी साक्षी ठाकुर, मीडिया प्रभारी अंजू ठाकुर, सह मीडिया प्रभारी इंदिरा ठाकुर, संरक्षिका उमा राजपूत, राधिका ठाकुर, तेज ठाकुर हैं।

#### दिया अनुदान राशि

कार्यकारिणी गठन के बाद सामाजिक जनसंपर्क किया गया। समाज की वरिष्ठ सदस्य मंजू बैस, अर्चना बैस एवं पूर्णिमा ठाकुर ने सामाजिक कार्यक्रमों के लिए स्वेच्छापूर्वक अनुदान राशि दिया।

## अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवासों को पूर्ण करने अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवासों को पूर्ण कराने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का लक्ष्य 15 जुलाई तक अधिकतम आवासों को पूर्ण कराना है।

जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत में ऐसी ग्राम पंचायतों की पहचान की है, जहां 50 से अधिक आवास अपूर्ण अथवा अप्रारंभ स्थिति में हैं। इन पंचायतों के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

नोडल अधिकारी नियमित रूप से भ्रमण कर हितग्राहियों से संपर्क कर निर्माण में आने वाली समस्याओं के समाधान का प्रयास कर रहे हैं।



#### आवास चौपाल का आयोजन

इसी कड़ी में मंगलवार को ग्राम पंचायत बोरई, कुटेलीकला एवं साल्हेकला में आवास चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के दौरान हितग्राहियों से चर्चा कर उन्हें आवास निर्माण शीघ्र प्रारंभ करने तथा निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया गया। निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं की जानकारी लेकर निराकरण के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में आवास हितग्राहियों के अलावा जनपद पंचायत की टीम, सरपंच, सचिव, पंचगण, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र उपस्थित रहे। सभी ने 15 जुलाई तक अधिकतम आवास पूर्ण कराने के लक्ष्य को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया।

#### सीईओ भी सक्रिय

जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी केशवरी देवांगन भी लगातार ग्राम पंचायतों का दौरा कर निर्माणाधीन एवं अप्रारंभ आवासों की समीक्षा कर रही हैं। आवास हितग्राहियों की बैठकें एवं आवास चौपाल आयोजित कर उन्हें शासन की मंशानुरूप निर्धारित समय सीमा में आवास निर्माण पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतों में ऐसे हितग्राहियों को चिन्हित किया जा रहा है जिनके आवास अभी तक अपूर्ण या अप्रारंभ हैं। इन हितग्राहियों से सतत संपर्क कर उन्हें आवास निर्माण कार्य प्रारंभ करने एवं शीघ्र पूर्ण करने प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## स्वीकृति के बाद भी नहीं मिला आशियाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

नक्सल हिंसा से जिस परिवार ने सहारा खो दिया, उसे अबतक छत का सहारा नहीं मिल सका। 18 साल से किराए के मकान में जिंदगी काट रहे धीरेन्द्र साहू और अन्य पीड़ित परिवारों का कहना है कि नक्सली हिंसा ने उनका सबकुछ उजड़ गया किन्तु उन्हे अब पुनर्वास नीति का लाभ नहीं मिल सका है।

■ सुविधाओं के लिए भटक रहे नक्सल पीड़ित परिवार

पीड़ित परिवारों ने बताया कि नक्सल हिंसा प्रभावित परिवारों के लिए प्रधानमंत्री स्तर से 15 हजार आवासों की स्वीकृति दी गई थी लेकिन स्थानीय स्तर पर प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण उनके घर का सपना अब तक अधूरा है। जानकारी के अनुसार पुनर्वास नीति में पीड़ित परिवारों को आवासीय जमीन देने या उसके बदले सहायता राशि देने का प्रावधान है इसके बाद भी धीरेन्द्र साहू और अन्य परिवारों को अब तक इसका लाभ नहीं मिला है।



#### नहीं निकला समाधान

पीड़ति परिवारों के आवेदन पर जांच के बाद रिपोर्ट कलेक्टर को भेजी गई। आईजी की अनुशंसा के बाद पुनर्वास को लेकर बैठक भी आयोजित हुई, लेकिन बैठक में कोई ठोस निर्णय नहीं हो सका। अधिकारियों के निर्देश और लगातार प्रयासों के बावजूद जिला पुनर्वास समिति में मामला अब तक अंतिम निर्णय तक नहीं पहुंच पाया है। लगातार इंतजार और प्रशासनिक देरी से परेशान पीड़ति परिवार अब 22 जून को विधानसभा अध्यक्ष निवास पहुंचकर अपनी व्यथा रखेंगे।

## मुख्यमंत्री ने की ड्रोन दीदी की सराहना

**राजनांदगांव।** दूरदर्शन केंद्र रायपुर में आयोजित विशेष संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश की महिला सशक्तिकरण योजनाओं से जुड़ी ड्रोन दीदियों से चर्चा की। इस अवसर पर डोंगरगढ़ की ड्रोन दीदी शांति विश्वकर्मा ने अपने अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री ने कृषि क्षेत्र में ड्रोन तकनीक के माध्यम से किए जा रहे उनके कार्यों की प्रशंसा करते कहा कि ऐसी महिलाएं ग्रामीण विकास और आधुनिक कृषि की नई पहचान बन रही है।

शांति विश्वकर्मा ने बताया कि ड्रोन तकनीक ने खेती को अधिक सरल, सुरक्षित और प्रभावी बनाया है। उनके द्वारा किसानों के खेतों में ड्रोन के माध्यम से दवा एवं उर्वरक छिड़काव का कार्य किया जा रहा है। जिससे समय और लागत दोनों की बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि इस पहल ने उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ अन्य महिलाओं को भी नई दिशा देने का कार्य किया है।



#### प्रयासों की सराहना

मुख्यमंत्री ने शांति विश्वकर्मा के प्रयासों को महिला सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण बताते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तकनीक आधारित कृषि और महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम में ड्रोन दीदियों की उपलब्धियों ने यह संदेश दिया कि अवसर और संकल्प मिलने पर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं भी नवाचार और नेतृत्व के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू सकती है।

## रिक्त पदों पर पदोन्नति जल्द

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला प्रतिनिधि गोपी वर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया और निराकरण की मांग किया। एसोसिएशन के गोपी वर्मा ने जिला शिक्षा अधिकारी को बताया कि सहायक शिक्षक एलबी से प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के लगभग रिक्त 23 में पदोन्नति की प्रक्रिया लंबित है जिसे पूरा किया जाना चाहिए। पदाधिकारियो ने बताया कि वरिष्ठता सूची का प्रकाशन अविलम्ब किया जाए एवं फरवरी 26 में जारी राजपत्र के नियमो का पालन करते हुए पात्र सहायक शिक्षकों का पदाकंन किया जाए। टीचर्स एसोसिएशन ने बताया कि भारती साहू हाई स्कूल उपरवाह में कक्षा दसवी में अध्ययनरत थी। घोर लापरवाही बरतते हुए उपस्थित के बाद भी उक्त बालिका को अनुपस्थित बता दिया गया, जिससे परीक्षा में पूरक मिल गया। स्कूल प्रशासन की मनमानी के चलते उतीर्ण छात्रा को पूरक परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# चिल्फीघाटी में फिर लगा लंबा जाम, यात्री हलाकान-परेशान

## भारी-भरकम मशीन के सड़क पर गिरने से आवागमन अवरूद्ध

### जबलपुर की ओर से लाई जा रही थी भारी भरकम मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा/चिल्फीघाटी

लगातार बढ़ते यातायात के दबाव और भारी वाहनो की आवाजाही के चलते जिले के चिल्फीघाटी थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाला नेशनल हाईवे 30 अब यात्रियों के लिए जी का जंजाल बन चुका है। स्थिति इतनी बद से बत्तर हो चुकी है कि चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाले मार्ग से होकर गुजरने वाले यात्री और वाहन चालक कब दुर्घटना का शिकार हो जाएं कब घंटों के जाम में फंस जाए इसका कोई ठिकाना नहीं है। कुछ ऐसी स्थिति एक बार फिर शनिवार को निर्मित हो गई। बताया जाता है कि शनिवार को चिल्फीघाटी से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे-30 में नागमोड़ी के पास ट्रक पर लदी एक भारीभरकम मशीन सड़क पर आ गिरी। जिसके कारण नेशनल हाईवे रायपुर-जबलपुर पूरी तरह से जाम हो गया। मार्ग के जाम होते ही यहां मार्ग के दोनो और वाहनों की लंबी कतारें लग गई और यात्री तथा वाहन चालक बीच जंगल में फंस के रह गए। बताया जाता है कि उमस भरी भीषण गर्मी और तपिश में वाहन चालक घंटों फंसे रहे जिसके चलते उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बाद में इसकी जानकारी चिल्फी पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस को भी जाम खुलवाने में घंटों लग गए। जानकारी के अनुसार, जबलपुर की ओर से आ रहे एक ट्रक में फैक्ट्री की भारी-भरकम मशीन ले जाई जा रही थी, तभी चिल्फी घाटी के नाग मोड़ी के पास अचानक मशीन ट्रक से गिरकर बीच सड़क पर आ गई।






### आए दिन लगता है चिल्फीघाटी में लम्बा और घंटों का जाम

*यहां बताना लाजिमी होगा कि यह आवागमन के लिहाज से बेहद संवेदनशील चिल्फी थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले इस मार्ग में यह पहला मौका नहीं है, जब चिल्फी घाटी में इस तरह की जाम की स्थिति निर्मित हुई है। ऐसी स्थिति गाहे-बगाहे बनती ही रहती है, जिससे यात्रियों को घंटों परेशानी झेलनी पड़ती है। मार्ग में कभी सड़क दुर्घटनाओं के कारण जाम की स्थिति निर्मित होती है तो कभी मार्ग से इसी तरह के भारी वाहनों के गुजरने अथवा वाहन चालकों की लापरवाही या फिर वाहनो के मार्ग में खराब होने के कारण जाम के हालात निर्मित हो जाते हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि शासन-प्रशासन की ओर से अब तक इस समस्या के स्थायी समाधान को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है, जिसकी मांग लगातार की जा रही है।*

# नगर में निर्माणाधीन 4.84 लाख की सीसी रोड विवादों के घेरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

नगर पंचायत पांडातराई के वार्ड क्रमांक 4 में लगभग 4 लाख 84 हजार रुपए की लागत से निर्मित की जा रही सीसी रोड अब विवादों के घेरे में आ गई है। वार्ड के लोगों ने सामूहिक रूप से पंडरिया विधायक भावना बोहरा को लिखित शिकायत सौंपते हुए निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताओं, घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग तथा स्वीकृत स्टीमेट के अनुरूप कार्य नहीं किए जाने का आरोप लगाया है। वार्ड वासियों के मुताबिक जहां सड़क में पर्याप्त बेस तैयार कर निर्धारण मोटी की ढलाई की जानी चाहिए थी वही मौके पर केवल लगभग एक इंच बेस और 3 इंच कंक्रीट ढलाई का कार्य किया जा रहा है विधायक को सौंपे गए आवेदन में वार्डवासियों ने कहा है कि नगर पंचायत पांडातराई के वार्ड क्रमांक 4 में चल रहे सीसी रोड निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा मनमानी की जा रही है। शिकायत के अनुसार निर्माण कार्य की गुणवत्ता अत्यंत निम्न स्तर की है तथा कार्य में उपयोग की जा रही सामग्री भी मानकों के अनुरूप नहीं दिखाई दे रही है। लोगों का आरोप है कि यदि समय रहते निर्माण कार्य की जांच नहीं कराई गई तो सरकारी राशि खर्च होने के बावजूद सड़क की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग जाएगा।





### नगरवासियों ने पंडरिया विधायक के समक्ष रखी अपनी मांग

शिकायत पत्र में विधायक से मांग की गई है कि निर्माणाधीन सीसी रोड की तकनीकी जांच कराई जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि निर्माण कार्य स्वीकृत मापदंडों और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप ही कराया जाए। वार्डवासियों ने यह भी आग्रह किया है कि जांच पूरी होने तक निर्माण कार्य की निगरानी बढ़ाई जाए ताकि किसी प्रकार की अनियमितता की गुंजाइश न रहे। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि विकास कार्यों का उद्देश्य जनता को स्थायी और गुणवत्तापूर्ण सुविधा उपलब्ध कराना है, लेकिन यदि निर्माण में ही लापरवाही बरती जाए तो इसका खामियाजा आम लोगों को वर्षों तक भुगतना पड़ता है। यही कारण है कि वार्ड के लोगों ने एकजुट होकर लिखित शिकायत के माध्यम से मामले को जनप्रतिनिधि के संज्ञान में लाया है।

### नगरवासियों को कार्यवाही की इंतजार


*अब निगाहें विधायक एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। यदि शिकायत में लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं तो निर्माण कार्य से जुड़े जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई हो सकती है। वहीं दूसरी ओर जांच से ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि सड़क निर्माण कार्य वास्तव में स्वीकृत मानकों के अनुरूप हो रहा है या नहीं। शिकायत पत्र 12 जून 2026 को वार्ड क्रमांक 4 के रहवासियों द्वारा सामूहिक हस्ताक्षर के साथ सौंपा गया है। शिकायत में गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्य सुनिश्चित कराने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई है। शिकायत दर्ज कर जांच कराने की व्यवस्था शासन द्वारा उपलब्ध है।*
















## सार समाचार

### प्रतिभा सम्मान समारोह व करियर गाइडेंस आज

**राजनांदगांव**। सिन्हा समाज जिला राजनांदगांव द्वारा वर्ष 2025 एवं 2026 में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान समारोह एवं करियर गाइडेंस प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम कल 14 जून को डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्रा शा.उ. मा. विद्यालय बसंतपुर चौक में आयोजित होगा। विशेष अतिथि एसपी अंकिता शर्मा एवं डिप्टी कलेक्टर फागेश सिन्हा एवं समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे, जो विद्यार्थी को कैरियर मार्गदर्शन प्रतियोगी परीक्षाओं एवं भविष्य की संभावना को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करेंगे। आयोजन समिति द्वारा बताया गया है कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उत्साहित करना तथा उच्च शिक्षा में से भविष्य के लिए प्रेरित करना यह कार्यक्रम माता बहादुर कलारीन जन कल्याण समिति राजनांदगांव द्वारा आयोजित किया जा रहा है। माता बहादुर कलरीन जनकल्याण समिति के अध्यक्ष पुनाराम सिन्हा एवं सचिव रेशुलाल सिन्हा ने कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

### एक पेड़ मां के नाम का आयोजन

**राजनांदगांव**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विश्वास के 12 साल बेमिसाल के कार्यक्रम की श्रृंखला में 13 जून को एक पेड़ मां के नाम का आयोजन



उत्तर मंडल द्वारा रामनगर वार्ड क्र. 07 के श्रीराम बगीचा में आयोजित किया एवं प्रमुख पदाधिकारियों द्वारा पेड़ लगाकर उसे जीवित रखने की प्रतिज्ञा ली गई। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, शहर उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमित सिंह भाटिया, कार्यक्रम प्रभारी राजा माखीजा, अशोक चौधरी, शिव वर्मा, गेमूलाल कुजाम, प्रखर श्रीवास्तव, हैरी जोसेफ, प्रिंस भाटिया, अफसर खान, विनोद भारती, आदित्य पराते, तृप्ति पत्रे, करण कोशरे, शांति पत्रे, अब्दुल रफीक खान एवं सम्मानीय कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### अंडर-19 भारतीय क्रिकेट टीम में चयनित होने पर दी बधाई

**राजनांदगांव**। नगर में रात्रिकालीन क्रिकेट की शुरूआत करने वाली अग्रणी संस्था टीएच-11 के संस्थापक कप्तान पूनाराम यादव एवं उप



कप्तान रितेश देवांगन ने महक नरवासे से मुलाकात कर उनको अंडर-19 भारतीय क्रिकेट टीम में चयनित होने तथा श्रीलंका दौरे के लिए वन-डे और टी-20 टीम का उप कप्तान बनाए जाने पर शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि महक लंबे समय से विभिन्न प्रतियोगिताओं में गेंद और बल्ले दोनों से उम्दा प्रदर्शन कर रही है। जिसके चलते पहली बार उनका चयन भारतीय क्रिकेट टीम के लिए हुआ है। इस अवसर पर महक के पिता राधेश्याम नरवासे, माता कुमारी नरवासे और उनके मित्रगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी रितेश देवांगन ने दी।

### छात्र युवा मंच का कार्यकारिणी घोषित

**राजनांदगांव**। छात्र युवा मंच के संयोजक नागेश यदु एवं संगठक लिकेश्वर सिन्हा के मार्गदर्शन में छात्र युवा मंच का कार्यकारिणी की



घोषणा किया गया। प्रदेश प्रमुख के रूप में डॉ. एसके वैष्णव को जिम्मेदारी दिया गया, जो नए जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई से आते हैं। प्रदेश का प्रभार प्रदेश अध्यक्ष के रूप में अगेश्वर कुमार वर्मा को नियुक्त किया गया। श्री वर्मा छात्र युवा मंच के स्थापना 12 जुलाई 2013 से संगठन से जुड़ा हुआ है व सह-संयोजक, प्रदेश महामंत्री जैसे पदों का निर्वहन कर चुका है।

### 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**राजनांदगांव**। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा संचालित आरसेटी में 12 जून को ए-हेल्प माडयूल अंतर्गत 15



दिवसीय पशु सखी प्रशिक्षण का मूल्यांकन पश्चात समापन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, विशेष अतिथि रविन्द्र वैष्णव उपस्थित रहे। इस दौरान निदेशक अमित मिश्रा द्वारा पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। किरण वैष्णव ने दीदीयों को पशुपालन का महत्व, उनका संरक्षण और आजीविका का महत्व बताते शुभकामनाएं दी। रविंद्र वैष्णव ने भी पशुचिकित्सक और ग्रामीण के बीच पशु सखी का कार्य एक अच्छी पहल बताई, ताकि ज्यादा से ज्यादा पशुओं का संरक्षण और योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचे। 15 दिवसीय पशु सखी प्रशिक्षण में पशुपालन की योजनाओं को जन-जन तक साथ ही प्रशिक्षण की महत्वत्ता बताते पशु सखी दीदीयों को बकरी, गाय, मुर्गी के जीवनकाल व उनकी प्रजनन क्षमता, देखभाल, एआई टेक्निक, चारा प्रबंधन, उनमें होने वाले रोग व उनका रोकथाम, टीकाकरण इत्यादि के बारे में जानकारी डॉ. अजय शर्मा पशुचिकित्सक द्वारा दी गई। इस दौरान संस्थान से स्टाफ दीपक साहू, मोहन साहू, इंद्रेश ठाकुर मौजूद रहे।

### संवेदनशीलता से निपटाएं राजस्व प्रकरण

**राजनांदगांव**। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के मद्देनजर राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने नक्शा, नामांकन, सीमांकन, विवादित नामांतरण, अविवादित नामांतरण, बटवारा सहित अन्य राजस्व प्रकरणों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनता को राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए परेशानी नहीं होना चाहिए। इसके लिए अधिकारियों को संवेदनशीलतापूर्वक राजस्व प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम से अनुविभागवार राजस्व प्रकरणों के निराकरण की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जिले में गिरदावरी का कार्य प्राथमिकता देते हुए करें। कृषि भूमि पर ली गई फसल खेती के रकबे एवं भूमि स्वामी का विवरण दर्ज करने के कार्य में गति लाएं। गिरदावरी का कार्य गुणवत्तापूर्वक होना चाहिए। उन्होंने राजस्व शिविर लगाकर राजस्व प्रकरणों का निराकरण करने कहा। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य करने कहा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व शिविर लगाकर नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, खाता विभाजन के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों का निराकरण परिणाममूलक होना चाहिए और आम जनता को इससे लाभ मिलना चाहिए।

### निधन



**शांतिदेवी सिंह**

**राजनांदगांव**। कौरिनभाठा निवासी 85 वर्षीय शांतिदेवी सिंह का शनिवार शाम निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा कल 14 जून को दोपहर 12 बजे कौरीनभाठा न्यू शिव कॉलोनी निज निवास से मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। वे प्रदेश भाजपा प्रवक्ता रविन्द्र सिंह की माताजी थी।


## ड्राई फ्रूट्स बाजार में जंग की कड़वाहट : दाम में 30 फीसदी तक गर्मी

# ईरानी मामरा बादाम चार हजार के पार पिस्ता के दाम पहुंचे 32 सौ रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ईरान के साथ इजराइल और अमेरिका की जंग चल रही है। ऐसे में ड्राई फ्रूट्स के दाम में भी भारी गर्मी आ गई है। आवक कम होने से दाम 30 फीसदी तक बढ़ गए हैं। दाम ज्यादा होने के कारण डिमांड भी कम हो गई है। ईरान से आने वाला बड़ी साइज का मामरा बादाम थोक में चार हजार के पार हो गया है। अन्य बादाम के दाम 26 सौ से 3000 हजार रुपए है। इसी तरह से ईरानी पिस्ता के दाम तीन हजार के पार हो गए हैं। कुल मिलाकर ड्राई फ्रूट्स बाजार में जंग की कड़वाहट घुल गई है।

कारोबारियों का कहना है कि दिल्ली सहित देश के बड़े बाजारों में जो स्टॉक था, वह अब समाप्त हो गया है, जब तक स्टॉक था, तब तक ज्यादा असर नहीं था, लेकिन अब कीमत में भी आग लग गई है। अब तो आवक भी कम हो गई है। दूसरे देशों से घूमकर आने के कारण दाम ज्यादा हो गए हैं। वैसे इस समय त्योहारी सीजन न होने के कारण डिमांड उतनी ज्यादा नहीं है, लेकिन ड्राई फ्रूट्स की मांग सालभर रहती है।



### काजू-किशमिश के दाम ज्यादा

इस समय प्रदेश में काजू और किशमिश के दाम ज्यादा है। थोक कारोबारियों के मुताबिक बीते साल अंगूर की फसल कम होने के कारण ही किशमिश के दाम डबल हो गए थे, जो अब तक चल रहे हैं, जो किशमिश पहले थोक में 225 से 250 रुपए तक थी, वो अब थोक 430 रुपए हो गई है। चिल्हर में यह छह सौ रुपए बिक रही है। हरी किशमिश के दाम में भी दो सौ रुपए का इजाफा हो गया है। यह पांच सौ से बढ़कर सात सौ रुपए हो गई है। चिल्हर में यह 800 सौ बिक रही है। इसी तरह से काजू के बीजों की कमी के कारण काजू के दाम भी बढ़ गए हैं। इस समय काजू थोक में 700 रुपए से 17 सौ रुपए तक है। चिल्हर में इसके दाम 800 से 2000 रुपए तक है।

### सामान्य बादाम 12 सौ तक

जहां ईरान से मामरा बादाम आता है, वहीं अफगानिस्तान से अंजीर और मुनक्का आता है। सबसे अच्छी क्वालिटी के मामरा बादाम के दाम अब थोक में चार हजार के पार हो गए हैं। इसके दाम पहले 35 सौ रुपए के करीब थे, लेकिन अब बढ़कर दाम 42 सौ रुपए हो गए हैं। चिल्हर में इसके दाम साढ़े चार हजार रुपए हैं। इसके अलावा ईरान से आने वाला कुछ कम साइज वाला मामरा बादाम 26 सौ से तीन हजार हो गया है। यह पहले 22 से 26 सौ रुपए था। अफगानिस्तान के बादाम का दाम 18 सौ से 26 सौ रुपए है, जहां तक सामान्य बादाम की बात है तो इसके दाम 800 से 12 सौ रुपए तक हैं।

### अंजीर के दाम कम

इस समय अंजीर के दाम बहुत कम हैं। इसका कारण यह है कि इसकी फसल बहुत ज्यादा हो गई है। ऐसे में पहले जो 24 सौ रुपए किलो मिलती थी, वह इस समय 16 सौ रुपए में मिल रही है। इसी तरह से 16 सौ रुपए वाली अंजीर आठ से नौ सौ रुपए किलो बिक रही है। मुनक्का के दाम इस समय 600 से 800 रुपए किलो है। ईरानी पिस्ता की कीमत तीन हजार के पार हो गई है। यह पहले 28 सौ रुपए किलो था, जो अब 32 सौ रुपए किलो हो गया है। अन्य पिस्ता 23 से 25 सौ रुपए थोक में और चिल्हर में इसके दाम 25 से 27 सौ रुपए हैं। अमेरिकन पिस्ता 15 सौ रुपए किलो है।

### अमृत मिशन से सुदृढ़ हो रही पेयजल व्यवस्था

**राजनांदगांव**। नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा राजनांदगांव शहर में पेयजल व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाने अमृत मिशन अंतर्गत पाईप लाइन विस्तार, ओवरहेड टंकी निर्माण तथा अन्य आवश्यक अधोसंरचना विकास कार्य लगातार किए जा रहे हैं। इन प्रयासों से बड़ी संख्या में नागरिकों को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध हुई है तथा शेष क्षेत्रों में भी व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य जारी है।

शहर के कुछ ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पानी का दबाव कम होने के कारण कहीं-कहीं जलापूर्ति अपेक्षाकृत कम हो रही है। इस समस्या के समाधान के लिए विभिन्न वार्डों में पाईप लाइन विस्तार का कार्य प्रगतिरत है। साथ ही पेयजल प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यकता के अनुसार नियमित रूप से टैंकरों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सार्वजनिक आयोजनों के दौरान भी मांग के अनुरूप जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाती है। इसके अलावा कॉलोनियों के संपवेल में भी टैंकरों के माध्यम से पानी पहुंचाया जा रहा है। शहर के निरंतर विस्तार तथा ऊंचाई वाले क्षेत्रों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते नई पानी टंकियों के निर्माण एवं अतिरिक्त पाईप लाइन विस्तार कार्यों को शासन से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।

# शासकीय भूमि में अवैध कब्जा वार्ड के लोगों ने दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के पनेका क्षेत्र स्थित पत्रकार कालोनी से लगे हुए समता कालोनी वार्ड में लगभग 25 परिवार निवासरत हैं। इस कालोनी में प्लाट की बिक्री के बाद शासकीय जमीन का संबंधित द्वारा आज तक भूत्यजन नहीं कराया गया है। वहीं शेष जमीन पर अतिक्रमण किया गया है। जिससे कालोनी में निवासरत लोगों को असुविधा हो रही है। मामले में वार्ड के लोगों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर कार्रवाई करने मांग की है।



समता कालोनी से लगे हुए नाले में किसी अन्य व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। जिससे बारिश में नाले का पानी सभी तरह से अवरूद्ध होगा। इस नाला में रेवाडीह, पेंड्री, गोकुल नगर, फरहद और अन्य क्षेत्र से गंदे पानी का बहाव होता है। वहीं बरसात के समय नाला में पानी का बहाव अत्याधिक होने के चलते कालोनी के घरों के भीतर तक पानी भर जाता है।

### अब तक नहीं हुई कार्रवाई

कॉलोनीवासियों ने बताया कि नाले पर अतिक्रमण को लेकर पहले भी ग्राम पंचायत को सूचना दी गई है, लेकिन इस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अतिक्रमण के चलते काफी समस्या होती है। खासकर बारिश में क्षेत्र डूबान में आ जाता है। कॉलोनीवासियों ने मांग की है कि नाले पर किए गए इस अतिक्रमण को हटाकर समस्या का समाधान किया जाए और नाले की सफाई एवं सुदृढीकरण किया जाए।

# शराब दुकान में भ्रष्टाचार को लेकर जोगी कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अजीत जोगी युवा मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शमसुल आलम के आदेश पर शुक्रवार को जोगी कांग्रेस ने शराब दुकान में चल रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ कलेक्टोरेट का घेराव किया।

युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बिलाल सोलिन खान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मोहारा स्थित शराब दुकान में चल रहे ओवर रेटिंग और अवैध वसूली को लेकर डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। जोगी कांग्रेस ने दुकान का सीसीटीवी फुटेज जांचने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।



जिलाध्यक्ष श्री खान ने बताया कि मोहारा शराब दुकान में उड़नदस्ता की टीम ने दबिश दी थी। टीम ने सेल्समैन को तय कीमत से अधिक पैसे (ओवर रेटिंग) वसूलते और ऊपर से एक्स्ट्रा पैसे लेकर नियमों के खिलाफ ज्यादा मात्रा में शराब की बोतलें बेचते रंगे हाथों पकड़ा था। बिलाल का आरोप है कि इतनी बड़ी गड़बड़ी पकड़े जाने के बाद भी आबकारी विभाग के बड़े अफसर इस पूरे मामले को दबाने और रफा-दफा करने में जुटे हुए हैं। जिलाध्यक्ष श्री खान ने कहा कि जब पूरे प्रदेश के अलग-अलग जिलों में ओवर रेटिंग मिलने पर आबकारी इंस्पेक्टरों पर गाज गिर रही है, तो राजनांदगांव में उड़नदस्ते के रंगे हाथों पकड़ने के बाद भी चुप्पी क्यों साधी गई है? हमारी मांग है कि सिर्फ सेल्समैन नहीं, बल्कि मिलीभगत करने वाले आबकारी इंस्पेक्टर, लोकेशन ऑफिसर और सुपरवाइजर पर भी तत्काल कार्रवाई की जाए। प्रतिनिधि मंडल को डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी ने भरोसा दिलाया है कि मामले की पूरी जांच कर जल्द ही उचित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इधर जोगी कांग्रेस ने प्रशासन को दो टूक चेतावनी दी है कि अगर तय समय में जिम्मेदार अधिकारियों पर गाज नहीं गिरी, तो शराब दुकान के सामने उग्र प्रदर्शन और चक्काजाम किया जाएगा।

# कर्मियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

## महंगाई भत्ता सहित कई मुद्दों पर की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष पवन शर्मा के निर्देश पर कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों के निराकरण को लेकर बुधवार को कलेक्टोरेट में ज्ञापन सौंपा गया। संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार को सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

संघ के प्रदेश महामंत्री विजय लहरे, दुर्ग संभाग अध्यक्ष एवं सचिव आनंद कुमार श्रीवास्तव तथा जिला अध्यक्ष अरुण कुमार देवांगन के मार्गदर्शन में सौंपे गए ज्ञापन में 1 जनवरी 2026 से राज्य के लगभग 4.5 लाख कर्मचारियों एवं पेंशनरों को 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता एरियर सहित प्रदान करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई।

इस अवसर पर संघ के सुभाष तायवाड़े, कौशल खोब्रागढ़े, सविता माहेश्वरी, संध्या तारम, गायत्री ठाकुर, नजमा खान, विनीता नागेश, मानसिंह पवार, चित्रकांत वर्मा, नीतेश रंगारी, धीरेन्द्र रंगारी, छत्रपाल पंचारी, दीपेश कुमार, अंबरीश प्रजापति, टीकेश्वर साहू, मोहनीश उईके, प्रशांत सुखदेवे, आशीष भागड़कर, परमानंद ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला इकाई के राजकुमार महानदिया एवं बीके कडबे सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया।



### अवकाश नगदीकरण सहित विभिन्न मांग शामिल

इसके अलावा कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने हेतु आवश्यक नियम-निर्देश जारी करने, अवकाश नगदीकरण की सीमा 240 दिनों से बढ़ाकर 300 दिन करने, संविदा एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित कर सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा शिक्षक वर्ग (एलबी) की सेवा गणना प्रथम नियुक्ति तिथि से कर समस्त सेवा लाभ प्रदान करने की मांग भी की गई। ज्ञापन में अनुकंपा नियुक्ति में लागू 10 प्रतिशत की सीमा समाप्त करने की मांग भी शामिल रही। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि कर्मचारियों एवं पेंशनरों की लंबे समय से लंबित मांगों पर शासन को सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए।

# विशाल करियर गाइडेंस कार्यक्रम में जुटे विद्यार्थी, युवा व समाजजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आदिवासी कंवर समाज विकास समिति जिला राजनांदगांव के युवा प्रभाग द्वारा दतरेंगाटोला, कुमरदा परिक्षेत्र में आयोजित विशाल करियर गाइडेंस कार्यक्रम ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिलेभर से बड़ी संख्या में विद्यार्थी, युवा, अभिभावक एवं समाजजन शामिल हुए। आयोजन में युवाओं के भविष्य निर्माण, शिक्षा, रोजगार एवं व्यक्तित्व विकास को लेकर व्यापक चर्चा हुई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है, जो व्यक्ति, समाज और राष्ट्र का भविष्य निर्धारित करती है। उन्होंने कहा कि आज के युवा ही कल के नेतृत्वकर्ता हैं, इसलिए उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर निरंतर मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से मोबाइल और सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचते अध्ययन, कौशल विकास और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि ग्रामीण एवं



आदिवासी क्षेत्रों के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोद दास सिरदार जिलाध्यक्ष युवा प्रभाग कंवर महासभा राजनांदगांव ने की। विशिष्ट अतिथि बिंदुलाल चंद्रवंशी, ललिता कंवर, दशरथ चंद्रवंशी, राधिका चंद्रवंशी, नीलांबर चंद्रवंशी, किर्ति गंगासागर, इंदकुमार साहू, पुनाराम सिन्हा, प्रमोद सिरदार, छत्रपाल पंचारी, मनोज चंद्रवंशी, ताराचंद करीहेरपाल, अमरचंद कंवर, ठाकुरराम चंद्रवंशी, मोरध्वज सोनवानी, राजेंद्र दीवान, महेंद्र सिरदार, दुष्यंत चंद्रवंशी, भीष्म चंद्रवंशी एवं समाज के प्रतिभा भगवान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। अंत में आयोजक समिति द्वारा अतिथियों, वक्ताओं, समाजजनों एवं उपस्थित विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# शिविर में गूंजी समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विश्व पर्यावरण दिवस पर बसंतपुर वार्ड के कोड़ीखाना क्षेत्र में कथित अवैध पेड़ कटाई, मुरूम खनन एवं शासकीय भूमि पर कब्जे के मामले को लेकर क्षेत्रवासियों ने सुशासन तिहार शिविर पहुंचकर छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अविनाश चंपावत के समक्ष लिखित शिकायत सौंपते तत्काल जांच एवं कार्रवाई की मांग की।

क्षेत्रवासियों ने बताया कि कोड़ीखाना क्षेत्र में लंबे समय से पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियां संचालित हो रही है। बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई, मुरूम के



अवैध उत्खनन तथा शासकीय भूमि पर कब्जे जैसी शिकायतों से स्थानीय नागरिकों में लगातार नाराजगी बढ़ रही है। लोगों का कहना है कि इन गतिविधियों से क्षेत्र का प्राकृतिक संतुलन प्रभावित हो रहा है और भविष्य में गंभीर पर्यावरणीय संकट की स्थिति निर्मित हो सकती है। पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने कहा कि पूर्व में भी जनदर्शन के माध्यम से जिलाधीश को शिकायत पत्र सौंपा गया था, लेकिन अब तक किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

## आज शुभम करेंगे नारायण हरि रसोत्सव भजन

# भजन गायिका रंगारी के भजनों में झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री नारायण धाम में आयोजित पुरुषोत्तम मास महामहोत्सव के 13वें दिवस हरिहर मिलन की अनुपम एवं मनमोहक झांकी ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर भगवान श्री नारायण एवं देवों के देव महाकाल का दिव्य दरबार सजाया गया, जहां श्रद्धालुओं ने हरि और हर के अद्भुत मिलन का अलौकिक दर्शन किया। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल एवं पूर्व अध्यक्ष अशोक लोहिया ने बताया कि पुरुषोत्तम मास की त्रयोदशी तिथि पर भगवान श्री नारायण एवं भगवान महाकाल की भक्ति-आराधना का विशेष महत्व है। इस अवसर पर भजन गायिका वैष्णवी रंगारी ने अपने सुमधुर स्वर से हरिहर मिलन पर आधारित भजनों की मनोहारी प्रस्तुति दी। उनके भजनों ने पूरे वातावरण को भक्ति एवं आध्यात्मिकता की अलौकिक छंटा से आच्छादित कर दिया। हरी और हर के मिलन की महिमा का वर्णन करने वाले भजनों का श्रद्धालुओं ने अमृतरस की भांति रसपान किया।

### आज सजेगा श्रीनारायण हरि का भव्य दरबार

समिति के सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने बताया कि कल 14 जून को दिल्ली दरवाजा कामठी लाइन में श्री नारायण हरि का भव्य एवं दिव्य दरबार सजाया जाएगा, जहां स्वयं श्री नारायण हरि भक्तों को अपने अलौकिक दर्शन प्रदान करेंगे। संध्या 7 बजे से प्रभु इच्छा तक देश के प्रख्यात भजन गायक शुभम वर्मा कानपुर यूपी द्वारा "नारायण हरि रसोत्सव" की भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। उपरोक्त जानकारी समिति के सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

### महाआरती में अतिथियों की सहभागिता

कार्यक्रम की महाआरती में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह तथा विशिष्ट अतिथि संतोष अग्रवाल उपस्थित रहे। साथ ही मनोज चौधरी अध्यक्ष अधिवक्ता संघ, लकी श्रीवास्तव अध्यक्ष श्रीवास्तव समाज सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता निभाई। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल एवं राहुल अग्रवाल ने अतिथियों का अंगवस्त्र एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत-अभिनंदन किया।

## खबर संक्षेप

### बोड़ला महाविद्यालय की दो छात्राएं लेंगी गुजरात में भूजल प्रबंधन का प्रशिक्षण




**बोड़ला।** शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला ने विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी एवं व्यावहारिक शिक्षा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। महाविद्यालय और समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट के बीच हुए एमओयू के तहत छात्रा अमीषा हठीले एवं पिंकी खुशाम का चयन सहगामी भूजल प्रबंधन आधारित एक वर्षीय विशेष पाठ्यक्रम के लिए हुआ है। दोनों छात्राएं अध्ययन एवं प्रशिक्षण के लिए क्रांतिगुरु, श्यामजी, कृष्ण वर्मा, कच्छ विश्वविद्यालय, भुज गुजरात जाएंगी, जहां उन्हें भूजल संवर्धन, जल प्रबंधन एवं सामुदायिक सशक्तिकरण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह पाठ्यक्रम पूर्णतः आवासीय एवं प्रयोगात्मक होगा। महाविद्यालय के प्राचार्य उमेश कुमार पाठक ने इसे संस्थान के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि ऐसे प्रयास विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करते हैं। वहीं समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट के एग्रोफॉरेस्ट्री एक्सपर्ट गुरप्रीत सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को छात्रवृत्ति सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार ने दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### 17 जून को वीर सावरकर भवन में होगा जिला स्तरीय रोजगार मेला, 2000 पदों पर होगी भर्ती

**कवर्धा।** महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ऋचा मिश्रा के मार्गदर्शन में प्लेसमेंट एवं कैरियर गाइडेंस प्रकोष्ठ द्वारा विद्यार्थियों को जिला स्तरीय रोजगार मेले की जानकारी दी गई। इस दौरान प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. राकेश चंदेल ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में रोजगार मेले में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।
उन्होंने बताया कि जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा 17 जून को वीर सावरकर भवन, कवर्धा में जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में 20 से अधिक निजी कंपनियां भाग लेंगी तथा लगभग 2000 तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदों पर भर्ती की जाएगी। डॉ. चंदेल ने बताया कि 8वीं से स्नातक एवं तकनीकी योग्यता प्राप्त अभ्यर्थी इसमें शामिल हो सकते हैं। चयनित युवाओं को 8 हजार से 25 हजार रुपये तक मासिक वेतन मिलेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से रोजगार विभाग के पोर्टल पर पंजीयन कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ मेले में उपस्थित होने की अपील की।ने प्रशासन से हस्तक्षेप कर निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने की मांग की है।

## समस्या: अवैध कब्जा से पहले बनानी होगी बेहतर कार्ययोजना

# पुराना बस स्टैंड खाली, अब सदुपयोग की चुनौती, अवैध कब्जा धारी सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर का बस स्टैंड नए हाईटेक बस स्टैंड में स्थानांतरित होने के बाद पुराना बस स्टैंड परिसर लगभग खाली हो गया है। कभी बसों और यात्रियों की चहल-पहल से भरा रहने वाला यह परिसर अब सुनसान नजर आने लगा है।

ऐसे में नगर पालिका के सामने सबसे बड़ी चुनौती इस महत्वपूर्ण स्थान के सदुपयोग की है। यदि समय रहते कोई ठोस कार्ययोजना नहीं बनाई गई तो यह परिसर धीरे-धीरे अवैध कब्जों की चपेट में आ सकता है। शहर के मध्य स्थित इस बड़े परिसर में बसों के लिए बने चबूतरे और पर्याप्त खुली जगह उपलब्ध है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यहां अस्थायी या स्थायी बाजार विकसित कर शहर की कई समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।

वर्तमान में शहर के प्रमुख मार्गों और चौक-चौराहों पर सड़क किनारे व्यवसाय करने वाले छोटे व्यापारियों को यहां व्यवस्थित रूप से स्थान दिया जा सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी सार्वजनिक स्थल के खाली होने के बाद यदि उसका नियोजित उपयोग तय नहीं किया जाता तो वहां धीरे-धीरे अस्थायी कब्जे शुरू हो जाते हैं, जो समय के साथ स्थायी रूप ले लेते हैं।

ऐसे में नगर पालिका को जल्द निर्णय लेकर इस परिसर को जनहित के उपयोग में लाने की दिशा में कदम उठाने की आवश्यकता है।



**देरी हुई तो बढ़ सकती है कब्जे की समस्या**

स्थानीय लोगों का कहना है कि खाली पड़ी सार्वजनिक जमीनों पर अक्सर पहले अस्थायी ठेले और गुमटियां लगती हैं, जो बाद में स्थायी कब्जे का रूप ले लेती हैं। एक बार कब्जा होने के बाद उसे हटाना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन जाता है। इसलिए समय रहते उपयोग की स्पष्ट योजना बनाना जरूरी माना जा रहा है।

#### सब्जी बाजार का बन सकता है नया केंद्र

पुराने बस स्टैंड परिसर में बने चबूतरों का उपयोग सब्जी बाजार के रूप में किया जा सकता है। गुरू तेगबहादुर चौक से लेकर भक्ता माता कर्मा चौक और लोहारा नाका क्षेत्र में सड़क किनारे बैठने वाले सब्जी व्यापारियों को यहां व्यवस्थित स्थान मिलने से सड़क पर लगने वाले जाम की समस्या भी कम हो सकती है।

#### फुटपाथी व्यापारियों को मिल सकती है स्थायी जगह

नगर के विभिन्न चौक-चौराहों पर जूते-चप्पल मरम्मत, खाद्य सामग्री और अन्य छोटे व्यवसाय करने वाले व्यापारियों को पुराने बस स्टैंड परिसर में स्थानांतरित किया जा सकता है। इससे उन्हें सुरक्षित और व्यवस्थित व्यापारिक वातावरण मिलेगा, वहीं शहर की सड़कों पर अतिक्रमण भी कम होगा।

# अधूरा सड़क निर्माण, सीसी रोड व नाली नहीं बनने से ग्रामीण परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत कोलेगांव-हथमुड़ी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क का डामरीकरण कार्य लगभग दो माह पूर्व पूरा हो चुका है, लेकिन पेंड्रीकला एवं बसनी गांव की बस्ती के भीतर प्रस्तावित सीसी रोड और नाली निर्माण अब तक शुरू नहीं हो सका है।

इसके कारण ग्रामीणों एवं राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य सड़क बनने के बाद भी बस्ती क्षेत्र में जगह-जगह गड्ढे और कच्चे हिस्से बने हुए हैं। नाली निर्माण नहीं होने से बरसात के दौरान जलभराव की आशंका बढ़ गई है। ऐसे में गांव के भीतर सड़क पर चलना जोखिम भरा बना हुआ है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण स्थल पर कार्य प्रगति पर होने का बोर्ड तो लगा हुआ है, लेकिन लंबे समय से कोई ठोस काम नजर नहीं आ रहा है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब परियोजना की स्वीकृति और डामरीकरण कार्य पूरा हो चुका है, तो बस्ती क्षेत्र के सीसी रोड और नाली निर्माण में आखिर देरी क्यों हो रही है। लोगों का कहना है कि यदि बरसात से पहले निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ तो स्थिति और गंभीर हो सकती है तथा आवागमन प्रभावित होगा। वही ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा कर संबंधित एजेंसी को समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि लोगों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके और बरसात के मौसम में परेशानी से बचा जा सके। बरसात से पहले पूरा हो निर्माण कार्य, ग्रामीणों का कहना है कि यदि सीसी रोड और नाली का निर्माण शीघ्र शुरू नहीं किया गया तो बारिश के दौरान कीचड़, जलभराव और आवागमन की समस्या बढ़ जाएगी। लोगों ने प्रशासन से हस्तक्षेप कर निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने की मांग की है।

# अच्छी बारिश की आस में टिकी जिले के किसानों की उम्मीदें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिले के किसानों ने खरीफ सीजन की तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। खेतों की जुताई और समतलीकरण का कार्य संपन्न हो चुका है। बीज, खाद, कृषि उपकरण और ट्रैक्टर भी तैयार हैं। अब किसानों को केवल मानसून की झमाझम बारिश का इंतजार है, जिसके साथ ही बोनी का कार्य शुरू हो जाएगा।
पिछले दिनों हुई बारिश ने किसानों को गर्मी से राहत देने के साथ खेती-किसानी के कार्यों में भी तेजी ला दी है। हालांकि प्रदेश में मानसून की आमद अभी कुछ दिन दूर मानी जा रही है। सामान्यतः 15 से 16 जून के आसपास मानसून छत्तीसगढ़ में प्रवेश करता है।



इस बीच मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है, जिससे किसानों की उम्मीदें और बढ़ गई हैं। जिले में खरीफ सीजन के दौरान धान, सोयाबीन, उड़द, अरहर, तिल समेत अन्य फसलों की बोनी की जाती है। इन फसलों के लिए किसान पूरी तरह तैयार हैं। अच्छी बारिश होते ही खेतों में बोनी का काम शुरू हो जाएगा।

**मानसून पर टिकी उत्पादन की उम्मीद**

किसानों का कहना है कि यदि इस वर्ष मानसून सामान्य या बेहतर रहा तो फसलों को पर्याप्त पानी मिलेगा और उत्पादन भी अच्छा होगा। वहीं, बारिश में कमी या देरी होने पर किसानों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। ऐसे में पूरे जिले की निगाहें अब मानसून की दस्तक पर टिकी हुई हैं। सिंचाई सुविधाएं अभी भी सीमित जिले में दो प्रमुख बांध और कुछ मध्यम सिंचाई परियोजनाएं हैं, लेकिन इनसे सभी किसानों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। अधिकांश किसान वर्षा जल और ट्यूबवेल पर ही निर्भर रहते हैं। अच्छी बारिश होने पर ही भूजल स्तर बना रहता है और ट्यूबवेल किसानों की जरूरत पूरी कर पाते हैं। अन्यथा फसलों पर सूखे का खतरा मंडराने लगता है।

#### रैन शेडो क्षेत्र होने से बढ़ती है चुनौती

कबीरधाम जिला रैन शेडो क्षेत्र में आता है, जहां बारिश का वितरण समान नहीं रहता। कई बार एक गांव में मूसलाधार बारिश होती है, जबकि पास के दूसरे गांव में एक बूंद पानी तक नहीं गिरता। वर्षों से यह स्थिति किसानों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। इसके बावजूद किसान हर साल मौसम की अनिश्चितताओं के बीच खेती करते हैं।

#### धान और गन्ने की खेती पर निर्भरता

जिले में धान और गन्ना प्रमुख फसलें हैं। इन दोनों फसलों को अधिक पानी की आवश्यकता होती है। विशेषज्ञों के अनुसार इनकी खेती के लिए लगभग 120 सेंटीमीटर तक पानी की जरूरत पड़ती है। पर्याप्त बारिश नहीं होने पर किसान सिंचाई के लिए ट्यूबवेल का सहारा लेते हैं। लेकिन लगातार जल दोहन के कारण कई बोरवेल पर्याप्त पानी नहीं दे पाते और कुछ समय बाद सूखने की स्थिति में पहुंच जाते हैं।

### एटीएम में फंसे 10 हजार पुलिस ने बैंक को लौटाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ स.लोहारा

थाना लोहारा पुलिस ने ईमानदारी का परिचय देते हुए एसबीआई एटीएम में फंसी 10 हजार रुपये की राशि सुरक्षित बैंक प्रबंधन को सौंप दी। रात्रि गश्त के दौरान ग्राम बिड़ोंरा स्थित एसबीआई एटीएम के निरीक्षण में पुलिस टीम को मशीन में नकदी फंसी हुई मिली। प्रधान आरक्षक गोपाल राजपूत एवं सीएएफ आरक्षकों ने राशि को सुरक्षित अभिरक्षा में लेकर थाना में जमा कराया। बाद में बैंक अधिकारियों से संपर्क कर अगले दिन शाखा प्रबंधक स्नेहिल गोदेश्वर को पूरी राशि विधिवत सौंप दी गई। पुलिस की इस सराहनीय कार्यवाही पर बैंक प्रबंधन ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए टीम की ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा की।

**समक्ष :- श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय**
**कवर्धा जिला कबीरधाम छ.ग.**
**// शपथ पत्र //**

मै शपथकर्ता क्षमा यादव आ. बिहारीलाल यादव उम्र लग. 19 वर्ष जाति ठेठवार साकिन रणवीरपुर थाना व तह. स. लोहारा जिला कबीरधाम छ.ग. जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं :-

01. यह कि मेरा नाम पता व अन्य विवरण उपरोक्त शीर्ष पर वर्णित है।
02. यह कि मेरा नाम क्षमा यादव अंग्रेजी वर्णमाला मे KSHAMA YADAV है जो मेरे जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक दस्तावेज मे अंकित हैं।
03. यह कि मेरे आधार कार्ड मे वर्णित नाम अंग्रेजी वर्णमाला मे KSHAMA YADAV के स्थान पर SHAMA YADAV अंकित है उक्त आधार कार्ड मे उल्लेखित नाम मे से अंग्रेजी के अक्षर K विलोपित हो गया है जिसके सुधारने एवं संसोधन करने हेतु यह शपथपत्र प्रस्तुत कर रही हूं।
4. यह कि मेरे आधार कार्ड मे उल्लेखित नाम एवं अन्य शैक्षणिक दस्तावेज मे उल्लेखित नाम मे विरोधाभास होने के कारण मुझे शिक्षा कार्य एवं शासकीय कार्य मे बहुत से कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।
5. यह कि मेरे द्वारा प्रस्तुत शपथपत्र मे दी गई सम्पुर्ण जानकारी सत्य व सही है किसी प्रकार के भ्रामक जानकारी शपथपत्र में अंकित नही है किसी प्रकार की त्रुटी होने पर सम्पूर्ण जवाबदारी मेरे स्वयं की होगी।

**KSHAMA YADAV**
शपथकर्ता

**सत्यापन**

मै शपथकर्ता क्षमा यादव यह सत्यापनकर्ता हूं कि शपथपत्र कि कंडिका 01 से 05 तक मे दी गई सम्पुर्ण जानकारी सत्य व सही है जिसे आज दिनांक 10.06.2026 को स्थान कवर्धा मे अपना हस्ताक्षर/अंगुठा लगाकर सत्यापित किया।

**KSHAMA YADAV**
सत्यापनकर्ता

## मानकविहीन सामग्री के उपयोग पर ठेकेदार को नोटिस

# घटिया निर्माण पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पण्डरिया

नगर पालिका पंडरिया ने विकास कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाते हुए वार्ड क्रमांक 2 के सारथी पारा में निर्माणाधीन सीसी रोड के गुणवत्ताहीन हिस्से को जेसीबी से उखड़वा दिया।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संबंधित ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही सामग्री निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं थी, जिससे सड़क की गुणवत्ता प्रभावित हो रही थी। मामले की जानकारी मिलते ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देश पर उपअभियंता ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। जांच में गुणवत्ता संबंधी खामियां सामने आने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए दोषपूर्ण हिस्से को हटाया गया।

साथ ही संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी कर भविष्य में केवल मानक अनुरूप एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण सामग्री का उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि शासन की राशि से होने वाले विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी की जा रही है और जहां भी गुणवत्ता में कमी पाई जाएगी, वहां तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

इस कार्रवाई के बाद निर्माण एजेंसियों और ठेकेदारों को स्पष्ट संदेश मिला है कि नगर पालिका क्षेत्र में अब गुणवत्ता से समझौता करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। प्रशासन का उद्देश्य नागरिकों को टिकाऊ एवं गुणवत्तापूर्ण आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि विकास कार्यों का लाभ लंबे समय तक आम जनता को मिल सके।



**गुणवत्ता से समझौता नहीं : विधायक के निर्देश पर बढ़ी निगरानी**

कुछ दिनों पूर्व क्षेत्रीय विधायक द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। सारथी पारा मंण हुई कार्रवाई को उसी सख्ती का परिणाम माना जा रहा है। नगर पालिका प्रशासन ने भी चेतावनी दी है कि भविष्य में मानकों की अनदेखी करने वालों को किसी प्रकार की राहत नहीं मिलेगी।

# कुण्डा में अतिक्रमण हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

ग्राम पंचायत कुण्डा में पुराने एवं जर्जर पंचायत भवन को हटाकर नए सर्वसुविधायुक्त पंचायत भवन के निर्माण की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए पंचायत द्वारा भवन के पीछे पंचायत भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाकर स्थल को साफ कराया गया।

सरपंच हरेंद्र चंद्राकर ने बताया कि पंडरिया विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से खनिज साधन विभाग के माध्यम से नवीन पंचायत भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। पुराने भवन की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी थी, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। वर्तमान में पंचायत का संचालन अस्थायी रूप से अन्य स्थान से किया जा रहा है। उपसरपंच मुमताज अहमद ने बताया कि नए पंचायत भवन में ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

साथ ही डिजिटल सेवा केंद्र की सुविधा भी विकसित की जाएगी, जिससे विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ ग्रामीणों को एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेगा। पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए भवन निर्माण की योजना तैयार की जा रही है, जिससे ग्रामीणों को लंबे समय तक बेहतर सुविधाएं मिल सकें।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# नगर में निर्माणाधीन 4.84 लाख की सीसी रोड विवादों के घेरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

नगर पंचायत पांडातराई के वार्ड क्रमांक 4 में लगभग 4 लाख 84 हजार रुपए की लागत से निर्मित की जा रही सीसी रोड अब विवादों के घेरे में आ गई है।

वार्ड के लोगों ने सामूहिक रूप से पंडरिया विधायक भावना बोहरा को लिखित शिकायत सौंपते हुए निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताओं, घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग तथा स्वीकृत स्टीमेट के अनुरूप कार्य नहीं किए जाने का आरोप लगाया है।

वार्ड वासियों के मुताबिक जहां सड़क में पर्याप्त बेस तैयार कर निर्धारण मोटी की ढलाई की जानी चाहिए थी वही मौके पर केवल लगभग एक इंच बेस और 3 इंच कंक्रीट ढलाई का कार्य किया जा रहा है विधायक को सौंपे गए आवेदन में वार्डवासियों ने कहा है कि नगर पंचायत पांडातराई के वार्ड क्रमांक 4 में चल रहे सीसी रोड निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा मनमानी की जा रही है। शिकायत के अनुसार निर्माण कार्य की गुणवत्ता अत्यंत निम्न स्तर की है तथा कार्य में उपयोग की जा रही सामग्री भी मानकों के अनुरूप नहीं दिखाई दे रही है। लोगों का आरोप है कि यदि समय रहते निर्माण कार्य की जांच नहीं कराई गई तो सरकारी राशि खर्च होने के बावजूद सड़क की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग जाएगा।

वार्डवासियों का कहना है कि सड़क निर्माण में निर्धारित तकनीकी मानकों और स्वीकृत प्राक्कलन (स्टीमेट) का पालन होता नजर नहीं आ रहा है। इससे भविष्य में सड़क के जल्दी खराब होने तथा शासन की राशि के दुरुपयोग की आशंका बढ़ गई है। लोगों ने आरोप लगाया कि निर्माण एजेंसी द्वारा गुणवत्ता नियंत्रण पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा, जिससे पूरे कार्य की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं।



### नगरवासियों ने पंडरिया विधायक के समक्ष रखी अपनी मांग

शिकायत पत्र में विधायक से मांग की गई है कि निर्माणाधीन सीसी रोड की तकनीकी जांच कराई जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि निर्माण कार्य स्वीकृत मापदंडों और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप ही कराया जाए। वार्डवासियों ने यह भी आग्रह किया है कि जांच पूरी होने तक निर्माण कार्य की निगरानी बढ़ाई जाए ताकि किसी प्रकार की अनियमितता की गुंजाइश न रहे। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि विकास कार्यों का उद्देश्य जनता को स्थायी और गुणवत्तापूर्ण सुविधा उपलब्ध कराना है, लेकिन यदि निर्माण में ही लापरवाही बरती जाए तो इसका खामियाजा आम लोगों को वर्षों तक भुगतना पड़ता है। यही कारण है कि वार्ड के लोगों ने एकजुट होकर लिखित शिकायत के माध्यम से मामले को जनप्रतिनिधि के संज्ञान में लाया है।

### नगरवासियों को कार्यवाही की इंतजार

अब निगाहें विधायक एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। यदि शिकायत में लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं तो निर्माण कार्य से जुड़े जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई हो सकती है। वहीं दूसरी ओर जांच से ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि सड़क निर्माण कार्य वास्तव में स्वीकृत मानकों के अनुरूप हो रहा है या नहीं। शिकायत पत्र 12 जून 2026 को वार्ड क्रमांक 4 के रहवासियों द्वारा सामूहिक हस्ताक्षर के साथ सौंपा गया है। शिकायत में गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्य सुनिश्चित कराने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई है। शिकायत दर्ज कर जांच कराने की व्यवस्था शासन द्वारा उपलब्ध है।

## खबर संक्षेप

### 50 पौवा अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा। पिपरिया पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 50 पौवा देशी शराब जप्त की है। पिपरिया थाना प्रभारी नितिन तिवारी ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि क्षेत्र में दो व्यक्ति लगातार अवैध रूप से शराब का परिवहन कर रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी ने तत्काल उच्च अधिकारियों को अवगत कराया और टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए। जिस पर टीम ने आशु कुंभकार पिता भागवत कुंभकार, उम्र 19 वर्ष, निवासी झलमला थाना पिपरिया एवं प्रेम प्रजापति उर्फ प्रेमलाल पाड़े पिता रामलाल चक्रधारी, उम्र 29 वर्ष, निवासी कुरुद कुटेला थाना आरंग जिला रायपुर को दबोच कर अवैध शराब जप्त की है।

### सोलर दीदियां स्थापित करेंगी सौर ऊर्जा संयंत्र

कवर्धा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत कबीरधाम जिले के वंदे मातरम् संकुल स्तरीय संघ की महिला स्व-सहायता समूहों की 35 दीदियों को सोलर दीदी के रूप में प्रशिक्षित किया गया है जो अब इस व्यवसाय से जुड़ेंगी। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को सौर ऊर्जा तकनीक से जोड़ते हुए आत्मनिर्भर बना कर रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना है। रायपुर से आए अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण के दौरान दीदियों को सोलर सिस्टम की स्थापना, संचालन, रख-रखाव एवं तकनीकी जानकारी से रूबरू कराया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अब सोलर दीदियां गांवों में सोलर उपकरणों की स्थापना एवं मरम्मत का कार्य करेंगी, जिससे उन्हें नियमित आय प्राप्त होगा।ग्रामीण क्षेत्रों में वैकल्पिक ऊर्जा के स्रोत को बढ़ाते हुए रोजगार के नए अवसर प्रदान करना महिलाओं के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। सोलर स्थापना द्वारा इन्हें कमीशन के रूप में बड़ी आमदनी होगी। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के प्रसार को बल मिलेगा तथा ग्रामीणों को उनके अपने गांव में सोलर पैनल स्थापना के लिए आसानी से मानव संसाधन उपलब्ध होगा तथा इसका रखरखाव और भी आसान हो जाएगा।

**समस्या: भारी-भरकम मशीन के सड़क पर गिरने से आवागमन अवरूद्ध**

# चिल्फीघाटी में फिर लगा लंबा जाम, यात्री हलाकान-परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा/चिल्फीघाटी

लगातार बढ़ते यातायात के दबाव और भारी वाहनो की आवाजाही के चलते जिले के चिल्फीघाटी थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाला नेशनल हाईवे 30 अब यात्रियों के लिए जी का जंजाल बन चुका है।

स्थिति इतनी बद से बत्तर हो चुकी है कि चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाले मार्ग से होकर गुजरने वाले यात्री और वाहन चालक कब दुर्घटना का शिकार हो जाएं कब घंटों के जाम में फंस जाए इसका कोई ठिकाना नहीं है। कुछ ऐसी स्थिति एक बार फिर शनिवार को निर्मित हो गई। बताया जाता है कि शनिवार को चिल्फीघाटी से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे-30 में नागमोड़ी के पास ट्रक पर लदी एक भारीभरकम मशीन सड़क पर आ गिरी। जिसके कारण नेशनल हाईवे रायपुर-जबलपुर पूरी तरह से जाम हो गया।

मार्ग के जाम होते ही यहां मार्ग के दोनो और वाहनों की लंबी कतारें लग गई और यात्री तथा वाहन चालक बीच जंगल में फंस के रह गए। बताया जाता है कि उमस भरी भीषण गर्मी और तपिश में वाहन चालक घंटों फंसे रहे जिसके चलते उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बाद में इसकी जानकारी चिल्फी पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस को भी जाम खुलवाने में घंटों लग गए।





### जबलपुर की ओर से लाई जा रही थी भारी भरकम मशीन

जानकारी के अनुसार, जबलपुर की ओर से आ रहे एक ट्रक में फैक्ट्री की भारी-भरकम मशीन ले जाई जा रही थी, तभी चिल्फी घाटी के नाग मोड़ी के पास अचानक मशीन ट्रक से गिरकर बीच सड़क पर आ गई। मशीन गिरने के बाद पिछले 12 घंटे से ज्यादा समय से जाम की स्थिति बनी हुई है।

### आए दिन लगता है चिल्फीघाटी में लम्बा और घंटों का जाम

यहां बताना लाजिमी होगा कि यह आवागमन के लिहाज से बेहद संवेदनशील चिल्फी थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले इस मार्ग में यह पहला मौका नहीं है, जब चिल्फी घाटी में इस तरह की जाम की स्थिति निर्मित हुई है। ऐसी स्थिति गाहे-बगाहे बनती ही रहती है, जिससे यात्रियों को घंटों परेशानी झेलनी पड़ती है। मार्ग में कभी सड़क दुर्घटनाओं के कारण जाम की स्थिति निर्मित होती है तो कभी मार्ग से इसी तरह के भारी वाहनों के गुजरने अथवा वाहन चालकों की लापरवाही या फिर वाहनो के मार्ग में खराब होने के कारण जाम के हालात निर्मित हो जाते हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि शासन-प्रशासन की ओर से अब तक इस समस्या के स्थायी समाधान को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है, जिसकी मांग लगातार की जा रही है।

# मरका विद्युत सब स्टेशन में कर्मी नहीं, बढ़ी समस्या

- लो वोल्टेज, विद्युत कटौती का नहीं हो रहा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



जिले के विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत ग्राम मरका स्थित विद्युत सब स्टेशन में कर्मचारियों की भारी कमी के कारण क्षेत्र के किसान एवं उपभोक्ता गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं।

कर्मचारियों की कमी, निष्क्रियता एवं अनुपस्थिति के चलते बिजली आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो रही है, जिससे कृषि कार्यों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण कृषि पंप समय पर संचालित नहीं हो पा रहे हैं और फसलें नुकसान की कगार पर पहुंच रही हैं। क्षेत्र के किसान व्यास चन्द्राकर सहित अन्य किसानों ने बताया कि मरका सब स्टेशन में पर्याप्त ऑपरेटर और तकनीकी कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं होने से विद्युत व्यवस्था लगभग ठप हो गई है।

अघोषित बिजली कटौती, कम वोल्टेज तथा बार-बार फॉल्ट की समस्या आम हो गई है, जिससे किसानों को खेती-किसानी के कार्यों में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। किसानों के अनुसार, लाइन फॉल्ट और लो वोल्टेज के कारण मोटर एवं सिंचाई पंप समय पर चालू नहीं हो पा रहे हैं। वर्तमान में आंधी-तूफान के मौसम में प्रतिदिन छोटी-बड़ी तकनीकी खराबियां सामने आ रही हैं, लेकिन शिकायत दर्ज कराने के बाद भी सुधार कार्य के लिए घंटों या कई दिनों तक इंतजार करना पड़ता है।

इसका मुख्य कारण सब स्टेशन में तकनीकी कर्मचारियों की अनुपलब्धता बताया जा रहा है। किसानों ने बताया कि बिजली की अनियमितता के चलते उन्हें सिंचाई के लिए डीजल पंपों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। किसानों का कहना है कि समय पर सिंचाई नहीं होने से फसलों के उत्पादन पर भी विपरीत प्रभाव पड़ने की आशंका है।

क्षेत्र के किसानों ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से मरका विद्युत सब स्टेशन में तत्काल ऑपरेटरों एवं तकनीकी कर्मचारियों की स्थायी नियुक्ति करने की मांग की है। ताकि किसानो और आम उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति हो सके। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही विद्युत व्यवस्था को सुचारू नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने और सड़क पर उतरने के लिए मजबूर होंगे।

# पांडातराई मंडल कांग्रेस कमेटी के प्रभारी बने नंदकुमार चंद्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा के अध्यक्ष नवीन जायसवाल तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष घनश्याम साहू के नेतृत्व में पंडरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष नंदकुमार चंद्रवंशी को पांडातराई मंडल कांग्रेस कमेटी का प्रभारी नियुक्त किया गया है। नंदकुमार चंद्रवंशी को नई जिम्मेदारी मिलने के बाद क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष और उत्साह का माहौल है।

पांडातराई मंडल के अंतर्गत पांडातराई नगर पंचायत सहित डोंगरियाकला, चरखुराकला, चारभाठा खुर्द, चारभाठा कला, पुतकीकला, दशरंगपुर, सरईपतेरा एवं नवागांव जैसे ग्राम शामिल हैं। कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया है कि नंदकुमार चंद्रवंशी के नेतृत्व में संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा मंडल क्षेत्र में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य किए जाएंगे।

कार्यकर्ताओं ने उनकी नियुक्ति का स्वागत करते हुए इसे संगठन विस्तार और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। नवनियुक्त पांडातराई मंडल प्रभारी नंदकुमार चंद्रवंशी ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा उन पर जताए गए विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को मजबूत करने और कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने नंदकुमार चंद्रवंशी को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि संगठन सृजन अभियान के तहत मिली यह जिम्मेदारी पांडातराई मंडल में कांग्रेस संगठन मजबूत होगी।

# एनीमिया मुक्ति के लिए स्वयं सेवी संगठन आए एक मंच पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले को एनीमिया मुक्त बनाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न प्रतिष्ठित स्वयंसेवी संगठनों ने सामूहिक पहल शुरू की है। इसी कड़ी में 10 जून 2026 को कवर्धा स्थित ग्रामोदय ग्राम विकास समिति के कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले से एनीमिया उन्मूलन के लिए साझा रणनीति तैयार करने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। चर्चा के दौरान बताया गया कि छत्तीसगढ़ में 15 से 49 वर्ष आयु वर्ग की लगभग 61 प्रतिशत महिलाएं एनीमिया से प्रभावित पाई गई थीं। यद्यपि वर्तमान में स्वास्थ्य संकेतकों के आकलन की कार्यप्रणाली में बदलाव किए गए हैं और एनीमिया से संबंधित आंकड़ों को अलग ढंग से ट्रैक किया जा रहा है, फिर भी ये आंकड़े स्वास्थ्य योजनाओं और सामाजिक हस्तक्षेपों के लिए महत्वपूर्ण आधार बने हुए हैं। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में मुंबई स्थित द सहायक ट्रस्ट के प्रतिनिधि पीयूष सोनी शामिल हुए। उन्होंने एनीमिया के मूल कारणों पर प्रकाश डालते हुए जैविक पोषण वाटिका को एक प्रभावी, किफायती और दीर्घकालिक समाधान बताया। उन्होंने कहा कि घरों के आंगन अथवा उपलब्ध खाली भूमि पर जैविक सब्जियों और पोषक तत्वों से भरपूर फसलों का उत्पादन कर परिवारों को ताजा एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा सकता है, जिससे महिलाओं और बच्चों में एनीमिया की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है। बैठक में उपस्थित सभी संगठनों ने जिले में एनीमिया के खिलाफ जनजागरूकता अभियान चलाने तथा पोषण आधारित सामुदायिक पहल को बढ़ावा देने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# 16 जून से खुलेंगे स्कूलों के पट, उत्सव की तैयारी शुरू

## प्राचार्यों व संकुल समन्वयकों को दिये गए दिशा-निर्देश



- शिक्षा विभाग का शत प्रतिशत उपस्थिति पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 की तैयारियों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा ने शनिवार को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, रानीदुर्गावती चौक, कवर्धा के सभागार में जिले के 150 प्राचार्यों एवं 150 संकुल शैक्षिक समन्वयकों की संयुक्त मेगा बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विद्यार्थियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 16 जून 2026 से शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने प्रवेश उत्सव के व्यापक प्रचार-प्रसार, बैनर-पोस्टर लगाने, रैली निकालने, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में मुनादी कराने तथा जनप्रतिनिधियों, शाला विकास समिति के सदस्यों और पालकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने विद्यालय प्रारंभ होने से पूर्व शाला भवन, परिसर एवं कक्षाओं की साफ-सफाई तथा आवश्यक मरम्मत कार्य पूर्ण करने पर जोर देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में जर्जर एवं असुरक्षित भवनों में विद्यालय संचालित न किए जाएं। ऐसे विद्यालयों को वैकल्पिक शासकीय भवनों अथवा कक्षों में संचालित किया जाए। बैठक में नवीन सत्र के प्रथम दिवस से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, शाला त्यागी बच्चों को पुनः मुख्यधारा से जोड़ने तथा नियमित उपस्थिति बढ़ाने के लिए कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

शाला प्रवेश उत्सव के दौरान नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत करने, पात्र विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश एवं सरस्वती साइकिल वितरण करने तथा बोर्ड एवं स्थानीय परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने के निर्देश भी दिए गए।

### शैक्षिक कैलेंडर के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

श्री वर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप राज्य स्तर से जारी 211 पृष्ठीय विस्तृत शैक्षिक कैलेंडर के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया। उन्होंने मूलभूत, प्रारंभिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर पर कक्षावार एवं विषयवार निर्धारित गतिविधियों के समयबद्ध संचालन की आवश्यकता बताई। बैठक में सहायक संचालक यूआर चन्द्राकर, डीजी पात्रा, एमके गुप्ता तथा एमआईएस प्रशासक सतीश यदु ने विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस दौरान ईएचआरएमआईएस में शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की ऑनलाइन जानकारी अद्यतन करने, वृक्षारोपण एवं वाटर हार्वेस्टिंग, निःशुल्क साइकिल, गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों के वितरण और ऑनलाइन प्रविष्टि, सीजी लीव मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से ऑनलाइन अवकाश आवेदन की अनिवार्यता, सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, यू-डाइस डाटा सत्यापन, अपार आईडी, जाति, आय एवं निवास प्रमाण-पत्र तथा छात्रवृत्ति प्रकरणों की प्रगति पर चर्चा की गई।

**प्री-मानसून की दस्तक के साथ खेती किसानी के कामों में तेजी की उम्मीद**

# कवर्धा नगर सहित अंचल में झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

काफी दिनों की उमस और भीषण गर्मी के बाद शनिवार का दिन कवर्धा सहित पूरे अंचल के लोगों के लिए बड़ी राहत लेकर आया। शनिवार शाम अचानक मौसम ने करवट ली और बिना किसी आंधी-तूफान या तेज गरज-चमक के कवर्धा सहित आसपास के कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई।

बारिश शुरू होते ही मौसम सुहावना हो गया और तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। पिछले कई दिनों से जिले में तेज धूप और उमस के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा था। दिन के समय सड़कों पर आवाजाही कम हो गई थी और लोग घरों में रहने को मजबूर थे। ऐसे में शनिवार शाम हुई बारिश ने न केवल मौसम को खुशनुमा बना दिया, बल्कि लोगों के चेहरों पर भी मुस्कान लौटा दी। बारिश के दौरान बच्चे और युवा घरों से बाहर निकल आए और बारिश का आनंद लेते नजर आए।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार यह बारिश प्री-मानसून गतिविधियों का हिस्सा मानी जा रही है। इसके साथ ही आने वाले दिनों में मानसून के प्रवेश की संभावना भी बढ़ गई है। यदि मौसम इसी तरह सक्रिय रहा तो जल्द ही जिले में नियमित मानसूनी बारिश शुरू हो सकती है। बारिश का सबसे अधिक फायदा किसानों को मिलने की उम्मीद है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में किसान खरीफ फसलों की तैयारी में जुटे हुए हैं। समय पर हुई इस बारिश से खेतों में नमी बढ़ेगी और जुताई-बुआई जैसे कृषि कार्यों में तेजी आएगी। किसानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में भी अच्छी बारिश होती रही तो धान सहित अन्य खरीफ फसलों की खेती के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन जाएंगी।



### लोगों को मिली गर्मी से राहत

हालांकि कुछ क्षेत्रों में बारिश के कारण सड़कों पर पानी जमा होने और कीचड़ की स्थिति भी देखने को मिली। लोगों का कहना है कि लंबे समय बाद मौसम में आई इस नरमी से लोगों को काफी राहत मिली है। कुल मिलाकर, शनिवार को हुई झमाझम बारिश ने कवर्धा और आसपास के क्षेत्रों में गर्मी से बेहाल लोगों को राहत पहुंचाई है। प्री-मानसून की इस दस्तक ने न केवल मौसम को खुशनुमा बनाया है, बल्कि किसानों के लिए भी उम्मीद की नई किरण जगाई है। अब सभी की निगाहें मानसून की अगली गतिविधियों पर टिकी हुई हैं, जिससे आने वाले दिनों में अच्छी बारिश और बेहतर कृषि सीजन की उम्मीद की जा रही है।